17 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 267


एनसीईआरटी की किताब में मुगल काल की नयी समीक्षा









# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को सरकार से मंजूरी

## 1.7 करोड़ किसानों को होगा फायदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार की कैबिनेट बैठक में बुधवार को तीन अहम फैसले लिये गये हैं। इनमें से एक किसानों के हित में लिया गया फैसला है। कैबिनेट मीटिंग में 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24,000 करोड़ रुपये के सालाना के खर्च के साथ पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी, इसमें 36 योजनाओं को शामिल किया जायेगा।

बता दें कि बजट 2025 के दौरान इस योजना की घोषणा की गयी थी। सरकार की इस योजना के तहत 1.7 करोड़ किसानों की फसल प्रोडक्टिविटी को मदद मिलेगी। यह योजना खेती को आधुनिक बनायेगी और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेगी। इस योजना के तहत उन किसानों को फायदा होगा, जिनके राज्यों में फसल की पैदावार कम होती है।

**100 जिलों में शुरू की जायेगी योजना:** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना कम फसल प्रोडक्टिविटी वाले 100 जिलों में शुरू की जायेगी। इस योजना का उद्देश्य खेती में नयी टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देना है और फसल डायवर्सिफिकेशन लाना है। इसके अलावा, पंचायत और प्रखंड स्तर पर उपज भंडारण बढ़ाना, सिंचाई की सुविधाओं में सुधार करना और लंबी अवधि और छोटी अवधि लोन की उपलब्धतता सुगम बनाना है। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलने की संभावना है।



### 24,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया जायेगा

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ायेगी, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करेगी और कृषि उत्पादकता को बढ़ायेगी। इस योजना के लिए सालाना 24,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया जायेगा। छह साल तक चलने वाली इस योजना के दायरे में देश के 100 जिले शामिल किये जायेंगे।

### रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में निवेश पर भी फैसला

प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की मंजूरी के अलावा कैबिनेट ने सोलर, विंड और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए एनटीपीसी की सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में 20,000 करोड़ रुपये की इक्विटी निवेश को मंजूरी दे दी है। अब तक, एनटीपीसी ने एनजीइएल में 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ग्रीन एनर्जी पोर्टफोलियो में वर्तमान में 6 गीगावाट की परिचालन क्षमता और 26 गीगावाट निमार्णाधीन क्षमता शामिल है। 2032 तक इसे 60 गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यह निवेश नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एनएलसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली शाखा, एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) को सहायता प्रदान करेगा।

# जोहार योजना से कांके की महिलाओं ने किया 170 करोड़ रुपये का कारोबार

## हेमंत सोरेन और विश्व बैंक ने सराहा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर एक प्रेरक संदेश साझा किया है। उन्होंने लिखा कि झारखण्ड की मेरी माताएं-बहनें आज सशक्त हो आगे बढ़ रही हैं। आप सभी आगे बढ़ते रहें, आपका यह बेटा और भाई हमेशा आपके साथ हैं।

**विश्व बैंक ने योजना को महत्वपूर्ण बताया:** विश्व बैंक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज, हम अपने व्यवसाय के हर पहलू को समझते हैं, मुनाफे के मार्जिन से लेकर बाजार के रुझानों तक। हमने साथ मिलकर बातचीत करना सीख लिया है और जानते हैं कि हमें कम पर समझौता नहीं करना है। जोहार के तहत कांके के उत्पादक समूह की अध्यक्ष आशा देवी से मिलिये, जो झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने वाली हजारों महिलाओं में से एक हैं। जोहार योजना झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और संगठित बनाकर आर्थिक गतिविधियों में निर्णायक भूमिका देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### 21 महिला उत्पादक समूहों ने कारोबार किया : हेमंत

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पर 'जोहार' योजना की सफलता का भी उल्लेख किया, जो वर्ल्ड बैंक के सहयोग से राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही है। उन्होंने बताया कि सिर्फ चार वर्षों में इस योजना के तहत गठित 21 महिला उत्पादक समूहों ने लगभग 170 करोड़ रुपये का कारोबार कर दिखाया है। उन्होंने कांके की आशा देवी का उदाहरण देते हुए कहा कि आज महिलाएं न सिर्फ खेती-बाड़ी और उत्पादक कार्यों में दक्ष हो रही हैं, बल्कि मुनाफा, बाजार और सौदेबाजी की बारीकियों को भी समझने लगी हैं।






# भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की नाटो ने दी धमकी

कहा, भारत के प्रधानमंत्री हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा

एजेंसी

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है। रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिये, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100 फीसदी सेकेंडरी प्रतिबंध लगाये जायेंगे।



### अपनी नीतियां नहीं बदलेंगे: रूस

रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा।






# बोकारो मुठभेड़ : पांच लाख के इनामी कुंवर मांझी सहित दो नक्सली ढेर

कोबरा बटालियन का जवान शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो/ललपनिया।** बोकारो जिले के गोमिया के जागेश्वर विहार थाना अंतर्गत बिरहोरडेरा के जंगल में आज बुधवार की सुबह पुलिस और भाकपा माओवादी संगठन के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पांच लाख के इनामी नक्सली कुंवर मांझी सहित दो नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में कोबरा 209 बटालियन का एक जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में जवान शहीद हो गये। दोनों नक्सलियों के शव को सुरक्षा बल ने बरामद कर लिया है। मुठभेड़ में मारे गये एक नक्सली की पहचान झारखंड के हार्डकोर नक्सली कुंवर मांझी के रूप में हुई है।

**सुबह पांच बजे हुआ आमना-सामना:** बोकारो एसपी हरविंदर सिंह को इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में नक्सलियों की मूवमेंट हो रही है। खुफिया सूचना पर पुलिस ने बुधवार के अहले सुबह बिरहोरडेरा के जंगली क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया। सुबह लगभग पांच बजे सुरक्षा बल और नक्सलियों का आमना-सामना हुआ। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गयी।



### एके-47 राइफल बरामद, सर्च अभियान जारी

सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों मृतक नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया है। इनमें से एक नक्सली वर्दी में था, जबकि दूसरा सामान्य कपड़ों में था। घटनास्थल से मैगजीन सहित एक एके-47 राइफल और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी बरामद की गयी हैं। पुलिस के मुताबिक कुंवर मांझी के विरुद्ध बोकारो जिला में 21 और हजारीबाग जिला में सात मामले दर्ज है। इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान अभी भी जारी है। पुलिस सर्च अभियान चला कर अन्य नक्सलियों की तलाश कर रही है।

### हाइकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह 23 जुलाई को लेंगे शपथ



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के नये मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह 23 जुलाई को सुबह 10 बजे शपथ लेंगे। हाइकोर्ट की ओर से राजभवन को भेजी गयी जानकारी के बाद शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अनुशंसा पर राष्ट्रपति ने हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के न्यायाधीश तरलोक सिंह को झारखंड हाइकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। इस संबंध में केंद्र सरकार ने 14 जुलाई को गजट अधिसूचना जारी कर दी थी।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# बिहार चुनाव में इस बार खूब गरम हो रहा है 'दारू पॉलिटिक्स'


- प्रशांत किशोर ने सत्ता मिलने पर एक घंटे में शराबबंदी खत्म करने का वादा किया
- तेजस्वी यादव ताड़ी बेचने पर लगे प्रतिबंध को हटाने की बात कह साध रहे वोट बैंक
- पहली बार किसी चुनाव में शराब जैसे मुद्दे को भी भुनाने में लग गये हैं राजनीतिक दल

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार के आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी गतिविधियां चरम पर हैं, तो चुनावी मुद्दे भी तेजी से तय हो रहे हैं। पूरी दुनिया में जाति आधारित राजनीति के लिए चर्चित बिहार में अन्य मुद्दों के अलावा इस बार शराब भी एक मुद्दा बन गया है। राज्य में 'दारू पॉलिटिक्स' की खूब चर्चा हो रही है। केंद्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला किया, तो उम्मीद की गयी थी कि बिहार चुनाव में इसकी सबसे ज्यादा चर्चा होगी, एनडीए के नेता अपने को पिछड़ों, दलितों, वंचितों का हमदर्द बता कर चुनाव प्रचार में जायेंगे। लेकिन जाति के अलावा इस बार सबसे बड़ा मुद्दा शराब का होगा। बिहार चुनाव की घोषणा से पहले प्रशांत किशोर और तेजस्वी यादव यानी विपक्ष के दोनों बड़े नेताओं ने शराबबंदी को मुद्दा बना दिया है। प्रशांत किशोर ने 2016 में नीतीश कुमार सरकार द्वारा लागू शराबबंदी को बेकार बताते हुए सत्ता मिलने पर एक घंटे में इसे खत्म करने की बात कही है, तो तेजस्वी यादव ने पासी समाज का वोट हासिल करने के लिए ताड़ी की बिक्री पर लगी रोक को हटाने का वादा किया है। उन्होंने घोषणा की कि उनकी सरकार बनी, तो ताड़ी को शराबबंदी से बाहर करेंगे और ताड़ी बेचने को नियमित करेंगे यानी उद्योग का दर्जा देंगे। प्रशांत किशोर ने इसका समर्थन किया और कहा कि तेजस्वी एक कदम आगे बढ़े हैं। यह पहली बार है, जब किसी चुनाव में शराब की इतनी चर्चा हो रही है और इस पर वोट मांगे जा रहे हैं। क्या है बिहार की 'दारू पॉलिटिक्स' और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार गरमाते सियासी माहौल में इस बार शराब भी घुलती जा रही है। राज्य में शराबबंदी राजनीतिक बहस का बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। 2016 में नीतीश कुमार ने राज्य में शराबबंदी लागू कर ऐतिहासिक कदम उठाया था और इसकी बदौलत हासिल लोकप्रियता ने उन्हें 'सुशासन बाबू' के रूप में स्थापित किया था। नीतीश कुमार को केवल शराबबंदी के लिए बिहार की महिलाओं का जबरदस्त समर्थन मिला था, लेकिन इस बार वही शराबबंदी नीति पर झकझूमर चल रहा है। बिहार की सत्ता के दोनों प्रमुख दावेदार, राजद नेता तेजस्वी यादव और चुनावी रणनीतिकार का पेशा छोड़ राजनीति के मैदान में उतरे प्रशांत किशोर ने शराबबंदी की कड़ी आलोचना की है। प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार में उनकी पार्टी जन सुराज की सरकार बनी, तो एक घंटे में शराबबंदी हटा देंगे। उधर तेजस्वी यादव ने कहा है कि वह ताड़ी को शराबबंदी के दायरे से बाहर करेंगे।



### प्रशांत किशोर ने शराबबंदी कानून खत्म करने का वादा किया

चुनावी रणनीतिकार से राजनीतिक मैदान में आनेवाले पीके, यानी प्रशांत किशोर ने साफ कहा है कि उनकी सरकार बनने पर एक घंटे में बिहार से शराबबंदी कानून को खत्म कर दिया जायेगा। यह बात उन्होंने अपनी राज्यव्यापी पदयात्रा के दौरान कई बार कही और अब भी लगातार कह रहे हैं। उनकी अपनी दलील है। उनका कहना कि बिहार में शराब दुकानों पर ताला लगा है, लेकिन शराब की होम डिलीवरी हो रही है। एक सौ रुपये वाली शराब के लिए तीन सौ रुपये देने पड़ रहे हैं। ऐसे में इसे खत्म किया जायेगा, ताकि लोगों को सही कीमत पर शराब उपलब्ध हो सके। पीके का कहना है कि शराबबंदी से बिहार जैसे राज्य को 20 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। शराबबंदी के बाद यह रकम शराब माफिया, भ्रष्ट अधिकारियों और कारोबारियों की जेब में जा रहा है, जबकि इस कानून के कारण डेढ़ लाख से अधिक लोग जेल में बंद हैं।

### तेजस्वी ने ताड़ी पर से प्रतिबंध हटाने का वादा किया

दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष और महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने भी शराबबंदी कानून का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने शराबबंदी कानून के दुरुपयोग किये जाने और इसे निष्प्रभावी करार दिया। उनका कहना है कि इस कानून का उपयोग अब पुलिस और भ्रष्ट ताकतों द्वारा वसूली के लिए किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया था कि अगर उनकी सरकार बनी, तो ताड़ी को इस कानून के दायरे से बाहर कर दिया जायेगा, लेकिन शराबबंदी बनी रहेगी। तेजस्वी यादव ने ताड़ी को गरीबों की पारंपरिक आजीविका का हिस्सा बताते हुए कहा था कि इसे प्रतिबंधित करने का कोई औचित्य नहीं है।

### महागठबंधन में शराबबंदी पर मतभेद

शराबबंदी के मुद्दे पर महागठबंधन के भीतर भी अलग-अलग सुर नजर आ रहे हैं। तेजस्वी यादव जहां केवल ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर करने की बात कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस पूरी शराबबंदी खत्म करने की वकालत कर रही है। हम पार्टी के अध्यक्ष जीतनराम मांझी पहले भी शराबबंदी कानून को खत्म करने की मांग कर चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी भी कई बार शराबबंदी के खिलाफ बयान दे चुके हैं। उनका मानना है कि इस कानून से गरीबों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई है, जबकि अमीर चोरी-छिपे शराब खरीद रहे हैं।

### बिहार के लोगों का मिजाज

शराबबंदी पर बिहार के आम लोगों का मिजाज विभाजित नजर आता है। राज्य के मतदाताओं का एक बड़ा तबका शराबबंदी के पक्ष में नजर तो आता है, लेकिन इसके लिए बनाये गये कानून से पूरी तरह सहमत नहीं है। उत्तर और मध्य बिहार में शराबबंदी के कानून को पूरी सख्ती से लागू किया गया है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। लेकिन दूसरी तरफ महिलाएं और बुजुर्ग शराबबंदी के पक्ष में हैं। उनका कहना है कि नीतीश कुमार ने बिहार को एक बड़े अभिशाप से मुक्त कर दिया है और इस पर दोबारा विचार करने की जरूरत नहीं है। महिलाएं तो कह रही हैं कि शराबबंदी से उनका घर टूटने से बच गया है। ऐसे में यदि शराबबंदी खत्म की जाती है, तो बिहार में सामाजिक अशांति फैल जायेगी।

### आगामी चुनाव में शराबबंदी का असर

बिहार की सत्ता के दावेदारों के बीच शराबबंदी के मुद्दे पर छिड़ी बहस के बीच यह जानना दिलचस्प है कि आखिर चुनाव में यह मुद्दा कितना प्रभावी होगा। राजनीति के जानकारों का कहना है कि शराबबंदी को चुनावी मुद्दा बनाने या इसे खत्म करने का वादा कर तात्कालिक लाभ तो मिल सकता है, लेकिन लंबी अवधि में इसका बड़ा नुकसान पूरे बिहार को उठाना होगा। इसलिए बेहतर यही होगा कि इस मुद्दे को छुआ ही नहीं जाये।

---

अन्नपूर्णा देवी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखा पत्र, कहा

## झारखंड में लंबित आवासों को जल्द मिले स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा। इस पत्र के जरिये प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत झारखंड राज्य के शेष पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपने पत्र में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रभावशाली ढंग से लागू करने हेतु आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में लाखों जरूरतमंद परिवारों को पक्के घर मिलने से उनका जीवन सुरक्षित, सम्मानजनक और आश्वस्त हुआ है। अन्नपूर्णा देवी ने जानकारी दी कि आवास प्लस 2018 की सूची के अनुसार झारखंड राज्य में कुल 8,15,210 आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिनमें से अब तक लगभग 2,22,069 पात्र परिवारों को आवास की सुविधा नहीं मिल सकी है। उन्होंने आग्रह किया कि इन लंबित आवासों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृति प्रदान की जाये। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में ग्रामीण क्षेत्रों में 2 करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

उन्होंने कहा यदि झारखंड के इन शेष लाभार्थियों को शीघ्र आवास स्वीकृत किये जाते हैं, तो इससे न केवल राज्य के लाखों लोगों का जीवन सरल और सुरक्षित होगा, बल्कि प्रधानमंत्री का 'हर परिवार को गरिमामय आवास' देने का विजन 'सबका घर' भी पूर्ण रूप से फलीभूत होगा।

---

पूर्णिया पहुंचे झारखंड के शिक्षा मंत्री और राजमहल सांसद, कहा

## साजिश के तहत हुई पांच आदिवासियों की हत्या

**पीड़ित परिवारों को सूखा राशन, कपड़ा और आर्थिक सहयोग प्रदान किया**

कार्तिक कुमार



**पाकुड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, राजमहल संसदीय सीट से सांसद विजय हांसदा, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी बुधवार को पूर्णिया पहुंचे। पिछले दिनों पूर्णिया में एक आदिवासी परिवार के पांच सदस्यों को जिंदा जलाये जाने की घटना की जांच करने पहुंच, पीड़ित परिवारों से मिले। पूर्णिया के टेट गामा गांव में पहुंचे मंत्री, सांसद पीड़ित परिवारों से मिल पिछले दिनों हुई घटना की विस्तृत जानकारी ली। पीड़ित परिवारों को मंत्री और सांसद, केंद्रीय प्रवक्ता ने उन्हें सुखा राशन, कपड़ा और अधूरे मकान को बनाने के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। कहा कि भविष्य में भी परिवार को सहयोग झारखंड सरकार की तरफ से मिलता रहेगा। पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद मंत्री रामदास सोरेन, सांसद विजय हांसदा, झामुमो केंद्रीय सचिव और प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने बिहार सरकार और पूर्णिया पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि बिहार सरकार की कानून व्यवस्था भाजपा ही चला रही है। इतनी नृशंस हत्या कभी नहीं हुई थी, जिसमें एक जगह मारा गया और दूसरे जगह जलाया गया और तीसरे जगह फेंका गया। आखिर पूर्णिया पुलिस क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कोई आकस्मिक घटना नहीं थी, बल्कि चार-पांच घंटे तक यह वारदात होती रही और बिहार पुलिस खासकर पूर्णिया पुलिस चुप बैठी रही। यह सुनियोजित साजिश के तहत हमारे आदिवासी लोगों की हत्या हुई है, पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। बिहार में भाजपा गठबंधन की सरकार पूरी तरह फेल नजर आ रही है। पूर्णिया में आदिवासी परिवार के पांच लोगों को जिंदा जलाया गया, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने सुध तक लेना मुनासिब नहीं समझा। आदिवासी समाज को भाजपा अपना वोट बैंक समझती हैं।

---

## झारखंड के जिला परिवहन कार्यालयों में तबादला नीति का उल्लंघन, कई वर्षों से एक ही कुर्सी पर जमे हैं बाबू

आजाद सिपाही संवाददाता

**क्या कहती है नियमावली**

**सरकार की तबादला नीति के अनुसार किसी भी कर्मचारी को अधिकतम तीन वर्ष तक ही एक जगह पदस्थ रहना चाहिए। इसके बाद तबादला अनिवार्य है, ताकि पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। लेकिन इस मामले में नियमों की खुलेआम अवहेलना हो रही है।**

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों के परिवहन कार्यालयों में तबादला नीति का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है। इसका नतीजा यह हुआ है कि इन कार्यालयों के बाबू एक ही कुर्सी पर पिछले कई वर्षों से जमे हुए हैं। यह मामला इन दिनों चर्चा में है।

**सूची से हुआ खुलासा :** विभाग द्वारा कुछ दिन पहले एक सूची तैयार की गयी थी। इसमें 15 वैसे बाबुओं के नाम हैं, जो 30 जून, 2024 तक पांच साल से अधिक समय से एक ही कार्यालय में पदस्थापित हैं। सूची के अनुसार ओम प्रकाश 28 जुलाई 2020 से रांची के जिला परिवहन कार्यालय में जमे हैं। वह 31 दिसंबर 2029 को रिटायर करेंगे। इसी तरह धान सिंह पूर्ति 18 जनवरी 2018 से रांची में कार्यरत हैं। जमशेदपुर कार्यालय में अमित कुमार, पवन कुमार गुप्ता और राम विनय प्रसाद जैसे कर्मचारी वर्षों से तैनात हैं।

हजारीबाग कार्यालय में विपिन कुमार 2019 से कार्यरत हैं। गिरिडीह, दुमका, चाइबासा सहित अन्य जिलों में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है।

---

## अब दलमा में कांवरियों से नहीं लिया जायेगा प्रवेश शुल्क

**वन विभाग का फैसला, भाजपा ने बताया आस्था की जीत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर के दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी की पहाड़ी पर मौजूद शिवलिंग पर जलार्पण के लिए आने वाले कांवरियों से अब प्रवेश शुल्क नहीं वसूला जायेगा। वन विभाग ने इस बाबत फैसला लिया है। जमशेदपुर के डीएफओ सबा आलम ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह आस्था का मामला है। लिहाजा, अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। दलमा सेंचुरी के सभी वन कर्मी श्रद्धालुओं का ख्याल रखने में कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। इधर, भाजपा ने सरकार के फैसले को सनातनियों की आस्था का जीत बताया है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि दलमा पहाड़ पर शिव मंदिर में जल चढ़ाने आने वाले श्रद्धालुओं पर लगाये गये टैक्स को सरकार ने वापस ले लिया है। सरकार के तुगलकी फरमानों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

इससे पहले प्रतुल शाहदेव ने श्रद्धालुओं से प्रवेश शुल्क वसूली की तुलना मुगलों के जजिया टैक्स से की थी। उन्होंने कहा था कि हजारों फीट की ऊंचाई पर स्थित दलमा बाबा का शिव मंदिर बिहार, झारखंड, बंगाल और ओडिशा के लाखों श्रद्धालुओं के लिए सावन में आस्था का केंद्र होता है। पैदल चलने वालों पर भी सावन के महीने में सरकार ने टैक्स लगाकर अपने तुष्टिकरण की नीति दिखा दी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.12 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# सांसद आदित्य साहू ने सीएम हेमंत से शिबू सोरेन का हाल जाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को नयी दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। सांसद और झामुमो के संरक्षक शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली, कुशलक्षेम जाना।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य कारणों से शिबू सोरेन सर गंगाराम अस्पताल में दो सप्ताह से अधिक समय से भर्ती हैं। इस स्थिति में सीएम, उनके छोटे भाई बसंत सोरेन सहित परिवार के अन्य सदस्य दिल्ली में जमे हुए हैं। पक्ष, विपक्ष के नेता लगातार हेमंत से मिलकर उनके पिता के स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं।

आदित्य साहू के साथ हेमंत से भेंट करने वालों में भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विधायक शशिभूषण मेहता, प्रदीप प्रसाद, पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह, मनोज दुबे भी शामिल थे।



भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक (ओडिशा)-753006, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK (ODISHA)-753006, INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 17/YP-I/2025-26 दिनांक / Date: 16.07.2025
प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना / Notice for walk-in-Interview
प्रधान अन्वेषक, ईएपी-411 योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को एक (01) यंग प्रोफेशनल-I के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओड़िशा में प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/ पर जाएं।
PI of the project EAP-411, invites all the eligible candidates for walk-in-Interview for the post of one (01) Young Professional-I (YP-I) at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/.
प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

# भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ बढ़ा अत्याचार : सुप्रियो

**भाजपा अब भारतीय जनता पार्टी नहीं, बल्कि बेटी जलाओ पार्टी बन चुकी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ओड़िशा के फकीर मोहन स्वशासी महाविद्यालय में छात्रा सौम्यश्री बीसी की आत्महत्या के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया है। झामुमो ने इस मामले को लेकर केंद्र और ओड़िशा की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। बुधवार को रांची स्थित झामुमो कैंप कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश एक बार फिर शर्मसार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे के साथ भाजपा सत्ता में आयी थी, वह अब पूरी तरह खोखला साबित हो चुका है। इसके साथ ही, भाजपा अब भारतीय जनता पार्टी नहीं, बल्कि बेटी जलाओ पार्टी बन चुकी है। उन्होंने सौम्यश्री के मामले का हवाला देते हुए कहा कि कॉलेज के एक शिक्षक के खिलाफ न केवल सौम्यश्री ने, बल्कि कुल 10 छात्रों ने यौन उत्पीड़न की शिकायत की थीं। इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन और प्रिंसिपल ने कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टा छात्रा को ही दोषी ठहराया गया, जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। सुप्रियो ने कहा कि घटना के बाद देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ओड़िशा तो पहुंचे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने हाथरस, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पहलवानों के मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा जहां-जहां सत्ता में है, वहां महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। उन्होंने पूर्व गृह राज्य मंत्री चिन्मयानंद के यौन उत्पीड़न मामले की याद दिलाते हुए कहा कि ऐसे मामलों में भाजपा नेताओं को संरक्षण देना आम बात हो गयी है। सुप्रियो ने कहा प्रधानमंत्री खामोश हैं, और समाज आज यह सोचने पर मजबूर है कि जिस भी राज्य में भाजपा की सरकार है। वहां बहन-बेटियों की सुरक्षा आखिर कौन करेगा। भाजपा के दोहरे चरित्र को देश अब पहचान चुका है।



# झारखंड में शोषण पर मौन, ओड़िशा पर शोर : अजय साह

**झामुमो शर्मनाक ढंग से सियासी रोटियां सेंकने में जुट गया है**

**कोलकाता के आरजे कर मेडिकल कॉलेज की घटना पर झामुमो चुप रहा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उसे गिद्ध राजनीति का उदाहरण करार दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि झामुमो अब अपनी नैतिकता और संवेदनशीलता दोनों खो चुका है और चुनिंदा घटनाओं पर शर्मनाक ढंग से सियासी रोटियां सेंकने में जुट गया है। अजय साह ने कहा कि झामुमो अब घिनौनी सेलेक्टिव पॉलिटिक्स पर उतर चुका है, जहां पार्टी की आंखें और जुबान तब बंद रहती हैं जब अपराधी उनके गठबंधन से होते हैं, लेकिन जैसे ही भाजपा शासित राज्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटती है, वे गिद्ध की तरह मौके पर राजनीति करने आ धमकते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कोलकाता के आरजे कर मेडिकल कॉलेज में जब छात्र बलात्कार की घटना के बाद आंदोलित थे, तब झामुमो की पूरी लीडरशिप चुप थी और जब कोलकाता लॉ कॉलेज में इंडी गठबंधन के छात्र नेता पर गैंगरेप का गंभीर आरोप लगा, तब भी झामुमो ने एक शब्द नहीं बोला। अजय साह ने तंज कसते हुए कहा कि क्या झामुमो के लिए अपराध की गंभीरता अपराधी की पार्टी पहचान देखकर तय होती है? साह ने कहा कि जो पार्टी झारखंड को बर्बाद कर चुकी है, वह अब उन राज्यों की घटनाओं पर सियासत करने में लगी है जहां उसकी कोई जवाबदेही नहीं है। उन्होंने कहा कि पलामू के शेल्टर होम में नाबालिग लड़की ने खुलेआम आरोप लगाया कि एक अधिकारी उसे खुश करने का दबाव बना रहा था, लेकिन पूरा सरकारी सिस्टम उस अधिकारी को बचाने में जुट गया। लातेहार स्कूल में हुई यौन शोषण की घटना को लेकर भी भाजपा ने सरकार पर हमला बोला। साह ने कहा कि तीन दिन बीतने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा देने वाली पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य महिला आयोग का गठन तक नहीं हुआ है, सीडब्ल्यूसी जैसी संस्थाएं कागजों पर हैं और महिला थाने सिर्फ नेमप्लेट की शोभा बन चुके हैं। अजय साह ने कहा कि भाजपा ओड़िशा की घटना को लेकर किसी भी आरोपी को बख्शने के मूड में नहीं है, और सबसे सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। परंतु उन्होंने झामुमो को आईना दिखाते हुए कहा कि पहले उस राज्य की जिम्मेदारी निभाएं जहां की जनता ने उन्हें वोट देकर सत्ता सौंपी है, फिर दूसरों को नसीहत दें।



## मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पेयजल विभाग का किया निरीक्षण

# गायब मिले सात कर्मियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**मंत्री ने विभागीय सचिव को जांच के निर्देश दिये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद बुधवार को पूरी तरह एक्शन में दिखे। उन्होंने नेपाल हाउस में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और फाइलों के निपटारे की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पाया कि कुछ कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे और कुछ कर्मचारी समय पर कार्यालय में मौजूद नहीं थे। उन्होंने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे कुल 7 कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा और साथ ही उन्होंने विभागीय सचिव को जांच के निर्देश दिये हैं।

मंत्री ने कहा कि जनता को पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़ी सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऑफिस में समयबद्ध उपस्थिति और जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कठोर अनुशासन लागू किया जायेगा। मंत्री ने निर्देशित किया कि काम में अनावश्यक देरी, फाइलों को रोकने और जिम्मेदारियों से बचने जैसी प्रवृत्तियों पर पूर्ण रोक लगायी जाये। विभाग को शून्य सहनशीलता की नीति के साथ कार्य करना होगा।



# कई जिलों में आजसू के जिला प्रभारी, कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार पार्टी संगठन का विस्तार करते हुए पलामू प्रमंडल के अंतर्गत विभिन्न जिलों में नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र साहिस ने अधिसूचना जारी की है।

## निम्नलिखित नियुक्तियां की गयी हैं

पलामू जिला
सतीश प्रसाद - प्रभारी
जीतेंद्र - प्रभारी
गढ़वा जिला
बबलू गुप्ता - प्रभारी
विकेश शुक्ला - प्रभारी
लातेहार जिला
विजय मेहता - प्रभारी
इम्तियाज अहमद नजमी - प्रभारी
पलामू जिला (कार्यकारी अध्यक्ष)
तुलसी शुक्ला - जिला कार्यकारी अध्यक्ष
संतन मेहता - जिला कार्यकारी अध्यक्ष

रामचंद्र साहिस ने विश्वास जताया कि नये पदाधिकारियों के प्रगतिशील नेतृत्व में पार्टी को नयी दिशा मिलेगी।

उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।



# इस माह के अंत तक छात्रों को साइकिल दें : चमरा लिंडा

**जिला कल्याण पदाधिकारियों को सख्त निर्देश, विद्यालयों तक जल्द साइकिल पहुंचाएं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा इन दिनों एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। विद्यार्थियों को लेकर वह किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। उन्होंने सरकारी स्कूलों के कक्षा आठ में पढ़नेवाले तीन लाख विद्यार्थियों को इस माह के अंत तक साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कंपनी द्वारा साइकिल कलस्टर सेंटर तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। ऐसे में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर साइकिल जल्द विद्यालयों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने इस माह के अंत तक सभी बच्चों को साइकिल मिल जाये इसे सुनिश्चित करने को कहा है। दरअसल हर साल राज्य सरकार की ओर से आठवीं के विद्यार्थियों को साइकिल दी जाती है। बता दें कि तीन दिन पहले ही मंत्री चमरा लिंडा ने कल्याण कॉम्प्लेक्स में एक बैठक आयोजित की थी।

बैठक में मंत्री लिंडा ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध और निर्बाध रूप से मिले। उन्होंने विशेष रूप छात्रवृत्ति योजना और साइकिल वितरण योजना की प्रगति की समीक्षा की थी। मंत्री ने निर्देश दिया कि जिन जिलों में छात्रवृत्ति की राशि उपलब्ध है, वहां लंबित भुगतान को शीघ्र निष्पादित किया जाये। मंत्री लिंडा ने जिला कल्याण पदाधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये।



## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** – काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **वृष** – कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **मिथुन** – आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** – आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **सिंह** – समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **कन्या** – बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** – कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** – चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** – आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** – नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** – रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** – किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था खाट पर : बाबूलाल

**राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सवाल उठाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सवाल उठाया है। कहा है कि झारखंड को एक अलग राज्य बनाने का उद्देश्य था कि ऐसा राज्य बने जहां आदिवासी समाज के अधिकार ही सरकार की प्राथमिकता हों और उनका सर्वांगीण विकास ही शासन का ध्येय हो। यह सपना था कि अबुआ समाज के प्रतिनिधि शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे मूल क्षेत्रों में समाज की जरूरतों को समझते हुए ऐसी नीतियां बनायें जो हर आदिवासी को, झारखंड के मूल निवासी को, एक बेहतर भविष्य दें, ताकि हम देश की प्रगति में भी बराबरी से योगदान दे सकें। केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में आज देश ने इतनी प्रगति कर ली है कि एक संथाल आदिवासी महिला भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हैं। लेकिन झारखंड की वर्तमान सरकार द्वारा अबुआ समाज के प्रति जो उपेक्षा और संवेदनहीनता दिखायी जा रही है, वह हर दिन राज्य की स्थापना के मूल उद्देश्य पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। आज झारखंड की स्वस्थ्य व्यवस्था खाट पर है। भ्रष्टाचार, घोटाले और प्रशासनिक अनदेखी, ये सब तो हमने बिहार का हिस्सा रहते हुए भी झेला था, लेकिन आज राज्य सरकार में भी वही सब दोहराया जा रहा है।

हर रोज ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं, जिनमें मरीजों को खाट पर लादकर अस्पताल तक पहुंचाया जा रहा है। ये दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को भीतर तक झकझोर देते हैं।

अमड़ापाड़ा प्रखंड की डूमरचीर पंचायत के बड़ा बास्को पहाड़ की एक तस्वीर बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर साझा की है जिसमें एक मरीज को खाट पर लादकर लाया गया क्योंकि सड़क और एंबुलेंस की कोई सुविधा नहीं थी। बाबूलाल ने इस पर निराशा जाहिर करते कहा कि वे प्रशासन और सरकार से बस इतना कहना चाहेंगे कि राजनीति और सत्ता से इतर भी कुछ ज़िम्मेदारियां होती हैं। कुछ समय के लिए उन ज़िम्मेदारियों और मानवीय संवेदनाओं को भी प्राथमिकता देकर देखिए, शायद इन विकट परिस्थितियों में जीवन जी रहे लोगों की पीड़ा और आपकी वास्तविक ज़िम्मेदारियां आपको समझ में आने लगे।



स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
बोकारो इस्पात संयंत्र
बोकारो स्टील सिटी - 827001 झारखण्ड, इण्डिया

सूचना

सदस्यों को यह सूचित किया जाता है कि वर्तमान मेडिक्लेम योजना की अवधि M/s New India Assurance Co. Ltd. कंपनी के साथ 11 जुलाई 2025 से 10 जुलाई, 2026 तक नवीकृत की गई है तथा इस अवधि में M/s MD India Health Insurance TPA Ltd. के द्वारा ही सेवा प्रदान की जाएगी।
मेडिक्लेम नवीकरण के लिए प्रीमियम की राशि निम्नलिखित है :

| दिनांक 11/07/2025 को | प्रति सदस्य (रूपये में) |
|---|---|
| (a) अगर आयु 70 वर्ष से कम है | 10,011=00 |
| (b) अगर आयु 70 से 80 वर्ष के बीच है | 6861=00 |
| (c) अगर आयु 80 वर्ष से अधिक हो | 100=00 |

महत्त्वपूर्ण टिप्पणियाँ
1. मेडिक्लेम नवीकरण (Mediclaim Renewal): उपर्युक्त अवधि के लिए नवीकरण हेतु प्रीमियम का भुगतान https://sailenrollment.mdindia.com पर जाकर किया जाना है। इसमें login के लिये User Id में आपका MIN और पासवर्ड में आपका जन्मतिथि (Service record के अनुसार) होगा।
2. Gap Case-गैप केस में मेडिक्लेम सदस्यता प्राप्त करने के लिये https://www.sahyog.bokarosteel.in पर जाकर Mediclaim मे जाकर फिर Gap Case Mediclaim Form में ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त किया जा सकता है। वैसे सदस्य जो कभी भी सेल मेडिक्लेम की सदस्यता नहीं लिए थे या सदस्यता नवीकरण नहीं करा पाये थे यदि इच्छुक हैं, तो अपनी आयु के अनुसार उपयुक्त तालिका में उल्लेखित प्रीमियम के दुगना राशि का ऑनलाइन भुगतान करके सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।
3. अंतिम तिथि:- मेडिक्लेम सदस्यता नवीकरण हेतु - 10/08/2025
मेडिक्लेम गैप केस हेतु - 10/08/2025 है।
4. विस्तृत जानकारी SAIL के वेबसाईट www.sail.co.in & sahyog.bokarosteel.in पर उपलब्ध है।
5. विशेष जानकारी हेतु आप मैत्री भवन एवं निम्नलिखित दूरभाष संख्या पर संपर्क कर सकते है।
• 8986876252
• 8986875050
• 06542-240273
• 06542-280232
(नोट :- यदि सदस्य 11 जुलाई, 2025 से 10 जुलाई, 2026 तक की सदस्यता नवीकरण के प्रक्रिया के समय अपूर्ण/गलत डाटा भरते हैं तो सेल किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा)

पंजीकृत कार्यालय: इस्पात भवन लोदी रोड, नई दिल्ली 110003
हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल




आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# सुरक्षा बलों के अद्वितीय योगदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता : राज्यपाल

**नक्सल मुठभेड़ में शहीद हुए जवान को राज्यपाल, मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी ने अर्पित की श्रद्धांजलि**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बोकारो में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कुंवर मांझी मारा गया और कोबरा बटालियन के एक जवान शहीद हो गये। इसके बाद शहीद जवान प्राणेश्वर कोच के पार्थिव शरीर को सीआरपीएफ की 133वीं बटालियन लाया गया। जहां राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्य सचिव वंदना दाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत कई पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों के अद्वितीय योगदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। इस मौके पर आइजी अभियान, आइजी सीआरपीएफ, आइजी रांची, डीआइजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी।

# फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया कैटरर्स एसोसिएशन का एजीएम 2025 थाइलैंड में सफलतापूर्वक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** पटाया थाइलैंड में बुधवार को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया कैटरर्स एसोसिएशन की वार्षिक एजीएम का आयोजन हुआ। यह एजीएम मुंबई से कंवेंशन सेंटर पटाया थाइलैंड में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता नरेंद्र सोमानी ने किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में पूरे भारत से 480 कैटरर्स ने भाग लिया। बैठक के दौरान एसोसिएशन ने अपने आय-व्यय का हिसाब रखा और अहमदाबाद में नये कार्यालय की शुरूआत के साथ सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी कैटरर्स के बीच संस्था की तरफ से लजीज व्यंजन परोसे गये। बैठक में आगामी गतिविधियों की घोषणा भी की गयी। नरेंद्र सोमानी ने आने वाले समय में संस्था का अपने कैटरर्स परिवार के लोगों के लिये कैटरिंग कॉलेज की स्थापना करने जैसी बात कही। वहीं अगस्त 2026 में जयपुर में एक भव्य एग्जीबिशन और 2027 का एजीएम वियतनाम में आयोजित करने की जानकारी दी गयी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राहुल कुमार कश्यप ने दी। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया कैटरर्स एसोसिएशन की इस वार्षिक बैठक में कैटरिंग उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने और भविष्य की योजनाओं को साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

# सांसद प्रतिनिधि ने धूमधाम से मनाया बेटे देवराज का जन्मदिन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी के राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह के पुत्र देवराज सिंह चौहान का 18वां जन्मदिन मंगलवार को मनाया गया। अपने 18वें जन्मदिन के मौके पर नामकुम बाजार स्थित चौहान मेंशन में केक काटकर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर दादा रामधनी सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल बड़ाईक और मनोज सिंह ने जन्मदिन की बधाई देते हुए लंबी आयु की कामना की। मौके पर डॉ अंजेश कुमार, अनुमेहा कंस्ट्रक्शन के निदेशक संजय सिंह, सूरज दीप सिंह, प्रदीप सिंह, प्रमोद सिंह, बिक्कू सिंह राजा साहब, बंटी सिंह, अरुण तिवारी, ललन ठाकुर, अनिल सिंह, रितेश सिन्हा, बिनोद सिंह, संदीप सिंह, कृष्णा कुमार, पृथ्वीराज सिंह, युवराज सिंह, यशराज सिंह के साथ दर्जनों बच्चे मौजूद थे।

## स्वामी सदानंद जी महाराज का जन्मदिवस 21 जुलाई को



रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक परमहंस डॉ संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग रांची में 21 जुलाई को आ रहे हैं। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 21 जुलाई, दिन सोमवार को अपराह्न 2.30 बजे से संध्या 5 बजे तक श्री राधा कृष्ण मंदिर में सदानंद महाराज का जन्म दिवस एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर सदगुरु महाराज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन,भजन- सत्संग प्रवचन के माध्यम से अमृत वर्षा का रसपान करायेंगे।

# महिला काव्य मंच गोष्ठी में सावन की बहार छायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय संस्था महिला काव्य मंच रांची की जुलाई माह के दोनों इकाइयों की सम्मिलित गोष्ठी सह सावन मिलन बुधवार को ग्रीन गार्डन कांप्लेक्स में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुरुआत रंजना वर्मा द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए मंच के गतिविधियों से सम्बंधित कुछ दिशा निर्देश दिये। सभी सदस्याओं ने सावन के उपलक्ष्य में कजरी, लोकनृत्य गेम्स इत्यादि का आयोजन किया। इस रंगारंग कार्यक्रम का आतिथ्य भार रुणा रश्मि, मुनमुन ढाली, रंजना वर्मा, संगीता वर्मा ने लिया था। आयोजन में सारिका भूषण, सुरिंदर कौर, रेणु झा, प्रीता झा, कविता रानी, सुनीता श्रीवास्तव, भावना अंबष्ठ, संध्या चौधरी, सुनीता अग्रवाल, रश्मि सिन्हा, ममता सिन्हा, सुधा स्मृति, रंगोली सिन्हा, सीमा सिन्हा, प्रतिभा सिंह, प्रतिमा मिश्र, मधुमिता रानी, खुशबू बरनवाल, नंदनी प्रणय, मीरा सिंह, वंदनाकुमार, अनुप्रिया दुबे, रश्मि सिंह, सुजाता प्रिय, पूनम वर्मा, संगीता वर्मा, रिम्मी वर्मा, श्वेता सिंह, संगीता सहाय के नाम प्रमुख हैं। मंच संचालन मुनमुन ढाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रुणा रश्मि ने किया।

# पावर ग्रिड की घटना पर ऊर्जा श्रमिक संघ आक्रोशित, आंदोलन की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम ग्रिड में चोरी और कर्मियों को बंधक बनाये जाने की घटना पर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया दी है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने इसे राज्य की ऊर्जा संरचना पर सीधा हमला बताते हुए सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर विफलता करार दिया। उन्होंने कहा कि जब राजधानी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में बिजलीकर्मी असुरक्षित हैं, तो सुदूरवर्ती इलाकों में हालात और भी चिंताजनक होंगे। उन्होंने नामकुम पावर ग्रिड मामले की उच्चस्तरीय जांच, सभी ग्रिड-पीएसएस में स्थायी सुरक्षा बलों की तैनाती, सीसीटीवी, सायरन और निगरानी सिस्टम की स्थापना, साथ ही बिजलीकर्मियों को सुरक्षा प्रशिक्षण और उपकरण मुहैया कराने की मांग की है। संघ ने मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री हेमंत सोरेन से इस घटना को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए राज्यभर में ऊर्जा इकाइयों की सुरक्षा पुख्ता करने की अपील की है। साथ ही चेताया है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो संघ कार्य बहिष्कार और राज्यव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय को ज्ञापन भी भेजा गया है।

# सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में नगर निगम की ओर से एक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक और जन जागरूकता अभियान के माध्यम से छात्रों को स्वच्छता के महत्व को समझाया गया। नगर निगम की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों को स्वच्छ भारत, स्वच्छ विद्यालय और व्यक्तिगत सफाई के महत्व को समझाया। विद्यालय के निदेशक, प्रधानाध्यापिका और शिक्षकों ने मिलकर बच्चों के साथ विद्यालय परिसर और आस-पास की गलियों में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और स्वच्छता शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी छात्रों और शिक्षकों ने स्वच्छता के इस अभियान को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय के निदेशक डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्र निर्माण की नींव है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ बाहर की सफाई नहीं है, बल्कि यह हमारे विचारों और जीवनशैली की शुद्धता भी है।

# नैना तिर्की को नागपुरी में मिला गोल्ड मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज में आयोजित पांचवें दीक्षांत समारोह में नागपुरी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नैना तिर्की को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। यह सम्मान झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि का श्रेय नैना तिर्की ने अपने माता-पिता और पति डॉ मनोज कच्छप को दिया है, जो वर्तमान में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के नागपुरी विभाग में कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि नैना तिर्की नेट / जेआरएफ परीक्षा में भी सफल रही हैं, और फिलहाल रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग से पीएचडी कर रही हैं। नैना तिर्की ने कहा कि मैं चाहती हूं कि भविष्य में एक कुशल नागपुरी प्रोफेसर के रूप में छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान कर सकूं। इससे नागपुरी भाषा और साहित्य का समुचित विकास हो।

# अदाणी फाउंडेशन ने 120 किसानों को दी सहायता

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** अदाणी फाउंडेशन ने गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड के चार गांवों के 120 परियोजना प्रभावित परिवारों को उच्च गुणवत्ता वाले धान के बीज और उर्वरकों का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसल सीजन के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया और वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया। अदाणी फाउंडेशन ने बड़कागांव में स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे कई अन्य सामाजिक क्षेत्रों में भी निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान भोक्ता समाज के सचिव और गाली गांव के ग्रामीण बलदेव गंझू ने रासायनिक उर्वरकों की जगह वर्मी कंपोस्ट के उपयोग को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती न केवल मिट्टी की सेहत सुधारती है बल्कि दीर्घकालीन कृषि उत्पादकता को भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह वितरण कार्यक्रम न केवल किसानों को संसाधन देने की पहल है, बल्कि उन्हें ज्ञान, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी अग्रसर करता है। कार्यक्रम में महुगाई कलां पंचायत की मुखिया बेबी देवी और चंदौल पंचायत के कृषि मित्र सनित महतो ने किसानों को संबोधित किया और उन्नत किस्म के धान बीज अपनाने की सलाह दी।

# अमृत भारत ट्रेन: आम से खास बनी आम आदमी की रेल यात्रा

**बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल और झारखंड जैसे राज्यों से चलने वाली ये ट्रेनें उन मार्गों को जोड़ रही हैं जो श्रमिकों और नौकरीपेशा लोगों के लिए रोजाना की जरूरत हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** एक मध्यमवर्गीय परिवार या उसका कोई एक सदस्य जब रेल यात्रा पर निकलता है तो उसके साथ सिर्फ एक बैग नहीं होता बल्कि उसके साथ जिम्मेदारियां होती हैं। ऐसे लाखों यात्रियों के लिए रेल यात्रा हर रोज की जरूरत थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझा और अब उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेल इन्हें पूरा कर रही है। अमृत भारत ट्रेन योजना न केवल रेलवे के ढांचागत सुधार का प्रतीक है, बल्कि श्रमजीवी और मध्यमवर्गीय समाज की आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर बनायी गयी एक सुधारपरक एवं ऐतिहासिक पहल है।

भारत की एक बड़ी आबादी के लिए हर दिन की यात्रा रोजगार, शिक्षा और जीवन की बुनियादी जरूरतों से जुड़ी है। इन वर्गों के लिए रेल यात्रा का उद्देश्य गंतव्य पर पहुंचकर आजीविका के माध्यम से आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। अमृत भारत ट्रेन इस वर्ग के लिए यात्रा का नया विकल्प है, जो सस्ती, सुरक्षित और समयबद्ध यात्रा की गारंटी है। इस ट्रेन में विशेष रूप से सामान्य और स्लीपर श्रेणी के आधुनिक कोच शामिल किये गये हैं, जिससे वे लोग भी तेज, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ उठा सकें।

अमृत भारत ट्रेन पहली बार देश के अंत्योदय और मध्यमवर्ग के लिए रेल यात्रा को तेज, सुरक्षित, किफायती और सम्मानजनक बना रही है। यह ट्रेन उस नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता का प्रमाण है कि विकास




अब केवल उच्च वर्ग या महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे शहरों, कस्बों और मेहनतकश नागरिकों तक पहुंचा है। यह ट्रेनें पूरी तरह मेक इन इंडिया तकनीक पर आधारित हैं। इनका नया संस्करण अमृत भारत 2.0 न केवल अधिक तेज (130 किमी./घंटा तक की रफ्तार) है, बल्कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं भी प्रदान करता है। जिनमें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिए एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल शौचालय और सेफ़्टी के लिए फायर डिटेक्शन व टॉक-बैक यूनिट शामिल हैं।

यह ट्रेन सेवा न केवल किफायती है, बल्कि इसमें सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। सामान्य श्रेणी में भी बेहतर वेंटिलेशन, आरामदायक सीटें, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था और यात्री सूचना प्रणाली जैसी सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। इसका उद्देश्य लोगों को सुविधा के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है।

अमृत भारत ट्रेनों के रूट भी बेहद रणनीतिक रूप से चुने गये हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल और झारखंड जैसे राज्यों से चलने वाली ये ट्रेनें उन मार्गों को जोड़ रही हैं जो श्रमिकों और नौकरीपेशा लोगों के लिए रोजाना की जरूरत हैं। चाहे वो पटना से दिल्ली की यात्रा हो या दरभंगा से लखनऊ की, अब यात्रियों को महंगी और सीमित ट्रेनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह योजना, छोटे शहरों और कस्बों को बड़े औद्योगिक और प्रशासनिक केंद्रों से जोड़कर सामाजिक गतिशीलता को भी बढ़ावा दे रही है।

बिहार से पांच अमृत भारत ट्रेनों का संचालन पूर्वी भारत के अंत्योदय और मध्यम वर्ग के लिए एक बड़ी सौगात है। वर्तमान में बिहार से दो अमृत भारत ट्रेनों- दरभंगा से अयोध्या होते हुए दिल्ली और सहरसा से मुंबई का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेनें उन लाखों प्रवासी कामगारों और परिवारों के लिए वरदान हैं जिनके पास तेज और सस्ती रेल यात्रा का कोई विकल्प नहीं था। इसी कड़ी में बिहार से तीन और अमृत भारत ट्रेनों का शुभारंभ होने जा रहा है।

पटना-नयी दिल्ली, दरभंगा-लखनऊ और मालदा टाउन-भागलपुर-लखनऊ अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन देश के प्रमुख शहरी व आर्थिक केंद्रों तक यात्रा को नया आयाम देने वाली है। यात्री अपने गंतव्य पर पहुंच कर अपने उद्देश्यों की पूर्ति कर सकेंगे।

अमृत भारत ट्रेनें, आम भारतीय को यह एहसास कराती हैं कि अब रेल यात्रा सिर्फ मंजिल तक पहुंचने का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और सुविधा से भरपूर अनुभव बन चुकी हैं। यह ट्रेनें अंत्योदय और मध्यम वर्ग को न केवल राहत देती हैं, बल्कि यह भरोसा देती हैं कि विकास की गति में अब कोई पीछे नहीं छूटेगा।

अमृत भारत एक्सप्रेस सिर्फ लोहे की पटरियों पर दौड़ती नहीं, बल्कि आम लोगों की उम्मीदों और सपनों को साकार करती है। यह एक ऐसी सवारी है जो केवल मंजिल तक नहीं पहुँचाती, बल्कि यह विश्वास दिलाती है कि देश अब हर हाथ को काम और हर कदम को रफ्तार देने के लिए तैयार है। यही है श्रम का सम्मान और भारत के भविष्य का निर्माण।

# आरयू के टीआरएल संकाय में साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के नागपुरी विभाग में बुधवार को साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व भारती शांति निकेतन विश्वविद्यालय के पूर्व कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मुक्तेश्वर नाथ तिवारी उपस्थित थे। प्रो मुक्तेश्वर नाथ तिवारी ने कहा कि साहित्य के लिए प्रकृति और लोक का करीब होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि साहित्य को जागृत करने के लिए प्रश्नानुकुल करना पड़ेगा, तभी साहित्य बच सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रकृति मानव जीवन को प्रभावित करती है और साहित्य में इसका चित्रण मानव अनुभव को समृद्ध करता है। संगोष्ठी में टीआरएल संकाय के शिक्षक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नंद तिवारी ने विषय प्रवेश कराया और डॉ रिझु नायक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

## रांची में 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज

# दक्षिणी छोटानागपुर ने पलामू को 27-0 से रौंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का खेलगांव स्थित प्रैक्टिस मैदान में आगाज हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में किया जा रहा है। राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, 17 जुलाई को इसका औपचारिक उद्घाटन करेंगे।



### शुरुआती मैचों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

अंडर-17 बालिका वर्ग के लीग मुकाबलों की शुरूआत के साथ प्रतियोगिता शुरू हुई थी। शुरूआती मैचों में ही खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एकतरफा मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दक्षिणी छोटानागपुर की बालिका टीम ने पहले मैच में पलामू को 27-0 से हराकर, प्रतियोगिता का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया है। वहीं उत्तरी छोटानागपुर ने संथाल को 3-0 से पराजित किया है। तीसरे मुकाबले में एक बार फिर दक्षिणी छोटानागपुर ने दम दिखाया और कोल्हान को 10-0 से शिकस्त दी। चौथे मैच में उत्तरी छोटानागपुर ने पलामू को 20-0 से हराया। इन नतीजों के साथ ही दक्षिणी और उत्तरी छोटानागपुर की बालिका टीम, अगले चरण में प्रवेश कर गयी और अब उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। जबकि बालक वर्ग में मुकाबले अपेक्षाकृत संतुलित दिखे। अंडर-17 बालक वर्ग में कोल्हान ने पलामू को 1-0 से हराकर विजयी आगाज किया, जबकि उत्तरी छोटानागपुर ने संथाल प्रमंडल को 1-0 से पराजित किया। अंडर-15 बालक वर्ग के पहले मुकाबले में दक्षिणी छोटानागपुर ने पलामू को 4-1 से हराया। वहीं संथाल प्रमंडल ने उत्तरी छोटानागपुर पर 4-0 से जीत दर्ज की। जबकि तीसरे मैच में कोल्हान और दक्षिणी छोटानागपुर के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मैच ड्रॉ रहा। चौथे मैच में उत्तरी छोटानागपुर ने पलामू को 3-0 से पराजित किया।

## बाबूलाल ने गिरिडीह में अपने खेत में धान की रोपाई की

# कृषि हमारे देश की नींव : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एक बार फिर अपनी सादगी और जमीन से जुड़े रहने की वजह से चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने गिरिडीह जिले के कोदाईबांक स्थित अपने खेत में धान की रोपाई करते हुए सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में बाबूलाल मरांडी साधारण वेशभूषा में अपने खेत में कड़ी मेहनत करते हुए दिख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक भावुक संदेश भी लिखा है, जिसमें उन्होंने कृषि और आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर दिया। बाबूलाल मरांडी ने अपने संदेश में कहा, कृषि हमारे देश की नींव है, और यह हमें आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाती है। हमें अपनी जड़ें नहीं भूलनी चाहिए। उनका यह संदेश न केवल किसानों के प्रति सम्मान दिखाता है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक प्रेरणा देने की कोशिश करता है। पूर्व मुख्यमंत्री के इस कदम को उनके समर्थकों और आलोचकों ने एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा है, जो इस बात को रेखांकित करता है कि राजनीति में रहते हुए भी उन्होंने अपनी जड़ों को नहीं छोड़ा है और हर तरह के काम में भागीदारी दिखाते हैं।



## बेंगलुरु में ओबीसी सलाहकार परिषद की दो दिवसीय बैठक

# 25 जुलाई को नयी दिल्ली में ओबीसी के लिए भागीदारी न्याय सम्मेलन

**ओबीसी सलाहकार परिषद की दो दिवसीय बैठक में कांग्रेस शासित राज्य के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सम्मिलित हुए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित ओबीसी सलाहकार परिषद की दो दिवसीय बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में कांग्रेस शासित राज्य के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की। झारखंड से इस बैठक में तीन लोग सम्मिलित हुए जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता प्रदीप यादव और एआइसीसी के सचिव अंबा प्रसाद मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 25 जुलाई 2025 को नयी दिल्ली में ओबीसी के हक और अधिकार के लिए भागीदारी न्याय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जिसका उद्घाटन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे और समापन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे।




ओबीसी सलाहकार परिषद की बैठक को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आजादी के बाद पहली बार ओबीसी सलाहकार परिषद के गठन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ओबीसी सलाहकार परिषद उस विमर्श को दिशा देगा और नारे से नीति तक लेकर जायेगा और जितनी जिसकी आबादी उतनी उसकी भागीदारी यह एक नारा नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय संकल्प बनेगा।

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारियों के आरक्षण पर मांग किया कि जाति जनगणना केवल आंकड़ा नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र का नैतिक दायित्व है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा के दिवार को ध्वस्त किया जाये। इसकी जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कैबिनेट की बैठक 24 को, लिये जायेंगे कई अहम निर्णय

रांची (आजाद सिपाही)। कैबिनेट की बैठक 24 जुलाई को होगी। बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने दी। बैठक में कृषि, पथ, ऊर्जा सहित अन्य विभागों के प्रस्तावों पर मंजूरी मिल सकती है। इससे पहले 11 जुलाई को कैबिनेट की बैठक हुई थी।

### आइपीएस इंद्रजीत महथा का रांची डीआइजी कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार देखने का आदेश निरस्त

रांची (आजाद सिपाही)। आइपीएस इंद्रजीत महथा को रांची रेंज के डीआइजी (पुलिस उपमहानिरीक्षक) कार्यालय का जो अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था, उसे झारखंड पुलिस मुख्यालय ने रद्द कर दिया है। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इंद्रजीत महथा को 15 जुलाई को रांची रेंज के डीआइजी कार्यालय के कुछ विशेष कार्य देखने की जिम्मेदारी दी गयी थी। उन्हें सिर्फ सात तरह के मामलों को देखने और उनका निपटारा करने की अनुमति थी। इन मामलों में एसीपी, एमएसीपी, विभागीय जांच, विभागीय कार्यवाही, अपील अभ्यावेदन, अभियोजन स्वीकृत्यदेश और हाइकोर्ट से संबंधित रिट याचिकाएं शामिल थीं। अब यह आदेश निरस्त होने के बाद वे इन कार्यों को नहीं देखेंगे।

### टेरर फंडिंग मामले में दो आरोपितों की याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची हाइकोर्ट में मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में दो आरोपित अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल और सुदेश केडिया की याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। दोनों आरोपितों की याचिका पर सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। एनआइए कोर्ट की ओर से चार्जफ्रेम किये जाने को उक्त आरोपितों ने हाइकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी है।

### टैक्स के पैसे का हो रहा है दुरुपयोग

रांची (आजाद सिपाही)।प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार चरम तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हर बार जब कोई पुल गिरता है, हर बार जब कोई सड़क बह जाती है, हर बार जब कोई ट्रेन पटरी से उतरती है, तो यह सिर्फ निर्माण की असफलता नहीं है, बल्कि एक संगठित लूट है जो आपकी जेब से हो रही है। राकेश सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार का जवाब इन समस्याओं के समाधान के लिए टैक्स बढ़ाना है। उन्होंने सवाल किया कि यह पैसा जा कहां रहा है? सरकारें टैक्स इसलिए लेती हैं कि आपको मिले- सड़कें, पुल, अस्पताल, बिजली, पानी, लेकिन भाजपा सरकार में यह पैसा जाता है भ्रष्ट नेताओं की जेब में, सरकारी कमीशनखोरों की तिजोरी में और प्रचार की चमकदार होर्डिंग्स में। राकेश सिन्हा ने कहा कि झारखंड में भी घोटाले के कई उदाहरण भाजपा के कार्यकाल में राज्य की जनता ने देखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और जनता के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है।

## मंत्री इरफान अंसारी को लगा झटका

# कोर्ट ने सशरीर उपस्थिति से छूट की मांग वाली याचिका खारिज की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** योग शिक्षिका राफिया नाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में आरोपित स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को अदालत से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी सशरीर उपस्थिति से छूट की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश सिविल कोर्ट रांची के एमपी-एमएलए मामलों के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने बुधवार को सुनाया। मंत्री इरफान अंसारी की ओर से 23 मई को यह याचिका दाखिल की गयी थी। इस पर पांच जुलाई को दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया गया था। अब उन्हें



कोर्ट में सशरीर उपस्थित होना होगा। शिकायतकर्ता राफिया नाज के अधिवक्ता जितेंद्र कुमार वर्मा ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मंत्री का मुख्यालय राजधानी रांची में है, जो अदालत से बेहद निकट है। ऐसे में उपस्थिति से छूट की कोई आवश्यकता नहीं बनती। वहीं बचाव पक्ष की ओर से छूट की मांग पर विस्तृत बहस की गयी।

# सीएमपीडीआइ ने स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआइ ने राष्ट्रीय एससी/एसटी हब कार्यालय और एमएसएमइ-विकास एवं सुविधा कार्यालय के सहयोग से एससी/एसटी और महिला सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के लिए एक-दिवसीय स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सार्वजनिक खरीद प्रक्रियाओं, सरकार इ-मार्केटप्लेस और सीएमपीडीआइ और कोल इंडिया लिमिटेड जैसे सेंट्रल पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज के साथ व्यापार के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। सार्वजनिक खरीद नीतियों में एमएसइ के लिए 25 प्रतिशत खरीद आरक्षित करने का प्रावधान है, जिसमें एससी/एसटी के लिए 4 प्रतिशत और महिला उद्यमियों के लिए 3 प्रतिशत का उप-लक्ष्य है। व्यापक विक्रेता भागीदारी की सुविधा के लिए जीइएम पोर्टल पर पंजीकरण को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, एमएसएमइ-डीएफओ के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव, एनएसएसएचओ-रांची की वरीय शाखा प्रबंधक किरण मारिया तिरू और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल को सात सूत्री मांगपत्र सौंपा



**वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के सदस्य राज्यपाल से मिले**

**कॉलेजों में वोकेशनल के अधिकतर विभाग अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भेंट कर सात सूत्री मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से बताया कि विद्यालय व कॉलेजों में वोकेशनल के अधिकतर विभाग अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं, लेकिन उन्हें सम्मानजनक मानदेय नहीं मिल रहा है और उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जाता। आग्रह किया कि वोकेशनल विषयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के समायोजन पर राजभवन और सरकार को विचार कर, उचित निर्णय लेना चाहिए। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं पर कुलपतियों की बैठक में विचार किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में अवधेश ठाकुर, डॉ प्रशांत सौरभ और अभिषेक बनर्जी भी शामिल थे। सात सूत्री मांग पत्र में- झारखंड के विश्वविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति जल्द करने, वोकेशनल के अतिथि शिक्षकों की मासिक वेतन विश्वविद्यालय से निर्धारित करने की मांग की गयी। साथ ही, सीनेट व सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल या कोर कमेटी में वोकेशनल के एक या दो शिक्षकों को शामिल करने, विभाग की ओर से शोधार्थियों की मदद करने की मांग की गयी। इसके अलावा शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति, छात्र संघ चुनाव कराने व रांची विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा जल्द घोषित करने की मांग की गयी। अंगीभूत कॉलेजों के इंटरमीडिएट के शिक्षकों और कर्मचारियों का समायोजन करने का मुद्दा भी उठाया गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. 01-टेंडर-ईएल-सीओएन-सीकेपी-25-26, दिनांक 15.07.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, राउरकेला-769013 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची मंडल के हटिया-बंडामुंडा अनुभाग के बीच दोहरीकरण कार्य के संबंध में कानारोवां (सहित)-परबाटोनिया (सहित) के बीच 25केवी ओएचई की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करने के लिए शेष बचे हुए कार्य का निष्पादन। **लागत:** रु. 5,28,78,883; **बोली सुरक्षा:** रु. 4,14,400; **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। **नियत तारीख:** 18.08.2025; निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www. ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए प्रत्याशित बोलीदातागण नियमित रूप से **www.ireps. gov.in** देख सकते हैं। (PR-402)

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 1645 दिनांक 06.05. 2025 के अनुसार मैं, रोहित कुमार पिता स्व० मानदेव राम उम्र लगभग 55 वर्ष धर्म- हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय, निवासी ग्राम के.के. कोलियरी पोड़ा, पो०- सयाल, थाना - पतरातू, जिला- रामगढ़ (झारखण्ड), निम्नलिखित ब्यान करता हूँ कि :- 1. यह कि, रौनक राज (ROUNAK RAJ) मेरा पुत्र है जिसका वास्तविक एवं सही जन्म तिथि 24/09/2011 है जो मेरा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में दर्ज है।
2. यह कि मेरा पुत्र केन्द्रीय विद्यालय पतरातू में वर्ग आँठवा का छात्र है। जिसका नाम विद्यालय नामांकन पंजी में रौनक पासवान (ROUNAK PASWAN) दर्ज है। 3. यह कि रौनक राज (ROUNAK RAJ) एवं रौनक पासवान (ROUNAK PASWAN) दोनो नाम एक ही बच्चा का है जो मेरा पुत्र है।
4 यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने पुत्र के विद्यालय नामांकन पंजी में रौनक पासवान (ROUNAK PASWAN) के स्थान पर रौनक राज (ROUNAK RAJ) सुधार करने हेतु बना रहा हूँ। 5. यह कि उपरोक्त कथन सत्य व सही है।

# नारायणा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन ने एनएसएटी 2025 की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नारायणा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन ने अपने प्रतिष्ठित वार्षिक परीक्षा नारायणा स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनएसएटी) के 20वें संस्करण की घोषणा की है। यह परीक्षा छात्रों को 50 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्तियां और 1 करोड़ से अधिक के नकद पुरस्कार प्रदान करेगी। नारायणा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन की निदेशक डॉ पी सिंधुरा और पी शरनी ने कहा कि एनएसएटी का 20वां संस्करण अब तक का सबसे प्रभावशाली होगा, जो देशभर के 3,000 से अधिक स्कूलों के छात्रों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि एनएसएटी तार्किक सोच को बढ़ावा देता है और एक समान मंच तैयार करता है। कक्षा 5 से 11 (साइंस स्ट्रीम) तक के छात्रों के लिए खुली इस परीक्षा के माध्यम से छात्रों के ज्ञान, लॉजिकल रीजनिंग और प्रॉब्लम सोल्विंग एबिलिटी का आकलन राष्ट्रीय स्तर पर किया जायेगा। परीक्षाएं 5, 12, 19 और 26 अक्टूबर 2025 को निर्धारित की गयी हैं। परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रारूपों में आयोजित की जायेंगी। एनएसएटी 2025 देशभर के 300 से अधिक शहरों में आयोजित की जायेगी। इस मौके पर ब्रांच मैनेजर अनूप कुमार, ब्रांच डायरेक्टर दीपक शुक्ला समेत नारायण इंस्टीट्यूट के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी मौजूद थे।



# ओड़िशा की घटना से व्यवस्था पर सवाल

ओड़िशा के बालासोर में कॉलेज फैकल्टी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली छात्रा की मौत पूरे सिस्टम की हार है। सरकारी स्तर पर अभी जिस तरह की सक्रियता दिख रही है, अगर वह पहले दिखती, तो शायद इस तरह की नौबत नहीं आती। इस मसले पर राजनीति भी शुरू हो चुकी है, लेकिन जरूरत है ऐसी संवेदनशील प्रणाली की, जहां किसी छात्रा को लाचार होकर ऐसा आत्मघाती कदम न उठाना पड़े।

**सुनवाई नहीं:** बीएड स्टूडेंट ने अपने एचओडी की शिकायत प्रिंसिपल से की थी। अब यह तथ्य सामने है कि खुद को आग लगाने से कुछ दिनों पहले भी उसने एक्स पर सार्वजनिक रूप से अपनी शिकायत रखते हुए चेताया था कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह जान दे देगी। कॉलेज की इंटरनल कंप्लेंट कमिटी से लेकर प्रिंसिपल तक, वह जहां तक पहुंच सकती थी, गयी, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई।

**यह कैसी इमेज:** आरोप है कि प्रिंसिपल ने पीड़िता पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया, क्योंकि उन्हें कॉलेज की इमेज खराब होने की चिंता थी। इस मामले में एक बड़ी भूमिका इस कथित इमेज की है, जिसे बचाने के चक्कर में अक्सर अपराध को छिपाया जाता है। लेकिन क्या किसी शैक्षणिक संस्थान की छवि एक छात्रा के जीवन से बढ़कर हो सकती है और क्या अपराध की शिकायत पर कार्रवाई करने से इमेज दागदार होती है?

**इस मामले में एक बड़ी भूमिका इस कथित इमेज की है, जिसे बचाने के चक्कर में अक्सर अपराध को छिपाया जाता है। लेकिन क्या किसी शैक्षणिक संस्थान की छवि एक छात्रा के जीवन से बढ़कर हो सकती है और क्या अपराध की शिकायत पर कार्रवाई करने से इमेज दागदार होती है?**

**बार-बार हो रही लापरवाही:** ओड़िशा का नाम पिछले कुछ महीनों में इस तरह की घटनाओं में लगातार आया है। इस साल फरवरी में भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलजी (कीट) में बीटेक थर्ड इयर की एक नेपाली स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली थी। वहां भी पीड़िता ने एक छात्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और उस केस में भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने लापरवाही बरती, जिससे मामला भारत-नेपाल के बीच कूटनीतिक स्तर तक पहुंच गया था।

**बढ़ते मामले:** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मार्च में विधानसभा में बताया था कि 2020 से फरवरी 2025 के दौरान पूरे राज्य के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में 72 स्टूडेंट खुदकुशी कर चुके हैं। इनमें से ज्यादातर के पीछे वजह थी - मेंटल प्रेशर, उत्पीड़न, पढ़ाई का दबाव, घरेलू परेशानियां, डिप्रेशन वगैरह।

**औपचारिकता न हो:** यूजीसी की गाइडलाइंस के मुताबिक, हर शैक्षणिक संस्थान में सेक्सुअल हैरेसमेंट की जांच के लिए कमिटी होनी चाहिए। हालांकि यह सबसे शुरुआती जरूरत है। कमिटी तो हो, लेकिन साथ में संवेदनशीलता भी चाहिए - जो स्टूडेंट के साथ संवाद और तय समय सीमा के भीतर जांच करे। जांच में दोषी पाये जाने पर उस शख्स को सजा भी मिलनी चाहिए। तभी ऐसे मामलों में इंसाफ हो पायेगा।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नयी योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इन योजनाओं के जरिये लोगों तक आर्थिक पहुंच में सुधार करना, राज्य की ओर से दिये जा रहे कल्याणकारी फायदों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और इस पूरी प्रक्रिया में समाज के कमजोर और कमजोर प्रतिनिधित्व वाले समूहों का सहयोग करना है। इसमें प्रधानमंत्री जन-धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है।**

# समानता रिपोर्ट में बेहतरी की ओर भारत

**डॉ उमेश नारायण**

**इसे** संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गये शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आयी विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गयी हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आयी, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आयी रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है।

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ. 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आये हैं, जिनमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फिनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया।

**देश में अरबपतियों की संपत्ति में एक दशक में करीब 10 गुना की बढ़ोतरी हुई है।**



भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नयी योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इन योजनाओं के जरिये लोगों तक आर्थिक पहुंच में सुधार करना, राज्य की ओर से दिये जा रहे कल्याणकारी फायदों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और इस पूरी प्रक्रिया में समाज के कमजोर और कमजोर प्रतिनिधित्व वाले समूहों का सहयोग करना है। इसमें प्रधानमंत्री जन-धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। इस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज्यादा लोगों के पास जन-धन खाते थे। इनके जरिये ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहुंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है।

आधार और डिजिटल पहचान के जरिये कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। तीन जुलाई, 2025 तक देश के 142 करोड़ से अधिक लोगों के आधार कार्ड जारी किये जा चुके थे। राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का भुगतान और सब्सिडी आदि को अब सीधे लोगों के खातों में पहुंचाया जा रहा है। इसकी वजह से देश की बचत बढ़ी है। एक आंकड़े के अनुसार, मार्च 2023 तक देश की संचयी बचत 3.48 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी थी। जाहिर है कि इनमें से ज्यादातर लोगों का पैसा प्रत्यक्ष और सीधे खातों तक वित्तीय मदद पहुंच रहा है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिये इससे कवर परिवार को सालाना पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किये जा चुके हैं। इसके दायरे में देश भर के 32,000 से अधिक अस्पताल शामिल हैं। इस योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना शुरू की जा चुकी है, चाहे उनकी आय जो भी हो। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाये जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिये दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जा रहा है।

भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गयी इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। मुफ्त मिल रहे खाद्यान्न का उद्देश्य है कि देश का कोई भी व्यक्ति भूखे पेट ना सोये। भारत में गरीबी कम करने में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का भी अपना विशेष योगदान मान सकते हैं। इसके तहत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों बिना किसी जमानत के ऋण, टूलकिट, डिजिटल प्रशिक्षण और मार्केटिंग सहायता दिये जा रहे हैं। इस साल जुलाई के पहले सप्ताह तक इस योजना के तहत 29.95 लाख व्यक्तियों को फायदा मिल चुका है। इससे शहरी और ग्रामीण, दोनों तरह की गरीबी दूर करने में मदद मिली है।

इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाये। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसदी से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अरबपतियों की संपत्ति में एक दशक में करीब 10 गुना की बढ़ोतरी हुई है। उनकी कुल संपत्ति वित्त वर्ष 2018-19 के भारत के केंद्रीय बजट से भी ज्यादा रहा। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी तो है, लेकिन ऑक्सफैम की रिपोर्ट असमानता की ओर भी ध्यान दिलाती है। इसकी ओर भी ध्यान दिया जाना होगा। तभी हम सही मायन में समतामूलक और समाजवादी समाज बन सकेंगे, क्योंकि समाजवाद का मतलब पूंजी का विकेंद्रण होता है, संकेंद्रण नहीं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, दिये गये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की एक बैठक डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित की गयी। बुधवार को सांसद बिद्युत बरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, जमशेदपुर पूर्वी विधायक पूर्णिमा साहू, जमशेदपुर पश्चिम के प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा, जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिंह, मुचीराम बाउरी के अलावा प्रखंडों के प्रमुख उपस्थित रहे।बैठक में जिले के विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की गयी। साथ ही अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। सांसद श्री महतो ने बागबेड़ा जलापूर्ति योजना के संबंध में जानकारी मांगते हुए कहा अक्सर यह कहा जाता है राशि की कमी के कारण यह योजना अधूरी पड़ी है और यदि राशि की मांग विभाग के द्वारा की गयी है तो इस संबंध में यह बताया जाए कि यह कहां



लंबित है। इस पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जमशेदपुर के कार्यपालक अभियंता ने बताया की वर्तमान में लगभग 10 करोड़ की राशि उपलब्ध है और कार्य प्रगति पर है। सांसद श्री महतो ने इसके अतिरिक्त अपनी ओर से जिन महत्वपूर्ण विषयों को उठाया उसमें मुख्य रूप से मानसमुड़िया जलापूर्ति योजना, चंदनपुर जलापूर्ति योजना, बंद पड़े हुए चापाकल की मरम्मतीकरणग्रामीण विकास विभाग के द्वारा विभिन्न सड़कों के मरम्मतीकरण की गुणवत्तापूर्ण हो, बैंकों में केवाइसी की प्रक्रिया का सरलीकरण,सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर चापाकल व्यवस्था, सड़क एवं पथ निर्माण के दौरान अधिग्रहित किए गए भूमि के मुआवजा का त्वरित भुगतान के संबंध में पदाधिकारी को समुचित दिशा निर्देश दिए। मौके पर सांसद श्री महतो ने घोषणा की अपने सांसद निधि से दो शव वाहन प्रदान करेंगे।बैठक में सांसद ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की जानकारी ली और मुद्रा लोन बैंकों के द्वारा पर्याप्त रूप से उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की।बहरागोड़ा स्थित ट्रॉमा सेंटर को समुचित रूप से चलने के लिए दिशा निर्देश भी दिये गये।

## सरयू राय कोर्ट में पेश, पुलिस पर लगाया राजनीतिक दबाव में आरोप पत्र दाखिल करने का आरोप



**जमशेदपुर/रांची (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय बुधवार को रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। यह पेशी तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर दर्ज ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट के मामले में हुई। सरयू राय ने कहा कि पुलिस ने कानून के प्रावधानों की अनदेखी कर राजनीतिक दबाव में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। उन्होंने दावा किया जिन दस्तावेजों के कारण उन पर केस हुआ, वे सामान्य और गैर-गोपनीय हैं। श्री राय ने कहा कि पुलिस ने धारा 120 (बी) भी जोड़ दी, जबकि किसी अन्य अभियुक्त का जिक्र तक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कोविड प्रोत्साहन राशि घोटाला उजागर करने के बाद उनके खिलाफ साजिशन यह मामला दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें कोर्ट पर पूर्ण भरोसा है और सच्चाई एक दिन सामने जरूर आयेगी।

## सरायकेला में जमीन विवाद में भाई की हत्या

जमशेदपुर। सरायकेला जिले के रंगपुर गांव में पारिवारिक जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बड़बिल चौक के पास खेत में काम कर रहे लक्ष्मण हेंब्रम की उनके सौतेले भाइयों ने पत्थर से हत्या कर दी। लक्ष्मण अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान जमीन विवाद में पहले से उलझे उनके दो सौतेले भाई वहां पहुंचे। शुरू में हुई बहस झगड़े में बदल गयी। दोनों भाइयों ने मिलकर लक्ष्मण पर पत्थरों से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने लक्ष्मण को सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पिता ने कर रखी है तीन शादियां: मृतक लक्ष्मण उनके पिता की पहली पत्नी के बेटे थे। आरोपी भाई दूसरी और तीसरी पत्नी से हैं। पिता की तीन शादियों से कई सौतेले भाई हुए। खेती की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। कई बार पंचायत बैठी, लेकिन जमीन का बंटवारा नहीं हो पाया। लक्ष्मण के परिजनों ने बताया कि उन्होंने पहले भी इस तरह की घटना की आशंका व्यक्त की थी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी भाई मौके से फरार हो गये हैं। उनकी तलाश के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर और अन्य साक्ष्य बरामद कर लिये हैं।

## सिविल सर्जन ने किया खरसावां सीएचसी का निरीक्षण

सरायकेला-खरसावां (आजाद सिपाही) उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह के निदेशानुसार जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर सरयू प्रसाद राय खरसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां अस्पताल का मुआयना करते हुए सिविल सर्जन ने रविवार की रात अस्पताल में तैनात चिकित्सक नदारत रहने की जांच करते हुए कन्हैया लाल उरांव को शो कॉज करते हुए स्पष्टीकरण मांगा हैं। अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर वीरांगना सिंकु को निर्देश दिया कि अस्पताल में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए तीन शिफ्ट पर ड्यूटी कराया जाये। श्री राय ने कहा कि विगत रविवार की शाम 7:30 बजे सड़क हादसे के कारण दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए खरसावां स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जिसमें चिकित्सक नहीं रहने के कारण दो युवक की दूसरे अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई थी। दोबारा अप्रिय घटना न घट जाए इसके लिए जांच की जा रही है।

## मनोज गुप्ता ने वित्तीय गड़बड़ी की, कोर्ट जायेंगे: राकेश साहू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश साहू ने मनोज गुप्ता पर वित्तीय अनियमितता समेत कई गंभीर आरोप लगाये। बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि मनोज गुप्ता को 2022 में निष्क्रियता, रुपये का गबन और पारदर्शिता की कमी के कारण संगठन से बाहर किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि मनोज गुप्ता ने रामगढ़ जिले के पुराने रजिस्ट्रेशन नंबर का इस्तेमाल कर जमशेदपुर में अवैध रूप से नया संगठन खड़ा कर लाखों रुपये का चंदा वसूला और उसे निजी खर्च में लगाया। राकेश साहू ने कहा मनोज गुप्ता को समाज विरोधी गतिविधियों और शराब के नशे में गाली-गलौज के कारण पहले ही बहिष्कृत किया जा चुका है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करेंगे, ताकि समाज के साथ हो रहा अन्याय रोका जा सके।

# चांडिल में जलजमाव बना जानलेवा
# अज्ञात युवक का शव बरामद, आक्रोश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण टाटा हाइवे होटल के पीछे जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलजमाव के दौरान एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। जानकारी के मुताबिक चांडिल थाना क्षेत्र के फदलोगोड़ा में सुबह करीब 10 बजे कुछ स्थानीय लोग जलजमाव वाले रास्ते से गुजर रहे थे। तभी उन्होंने पानी में एक शव को तैरते हुए देखा। इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी डील्सन बिरुवा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की पहचान फिलहाल नहीं हो पायी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा। उधर



सूत्र के अनुसार मृतक बोड़ाम थाना क्षेत्र का रहने वाला था, जो किसी काम से फदलोगोड़ा आया था और उसके जलजमाव की चपेट में आने का अनुमान लगाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा बीते चार जुलाई को जलजमाव की समस्या को लेकर खबरें सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों में प्रकाशित हुई थीं। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द जल निकासी के लिए आश्वासन दिया था। लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कई घरों में अभी भी पानी घुसा हुआ है, जिससे लोग परेशान हैं और जान-माल का खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों का मानना है जिला प्रशासन की लापरवाही से क्षेत्र में खतरा बढ़ता जा रहा है। वहीं युवक का शव मिलने के बाद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने जिला प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

## शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा 18 जुलाई को



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहीद स्मारक निर्माण समिति, जेपी युवा छात्र संघर्ष मोर्चा और झारखंड क्रांति सेना के तत्वावधान में शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। बुधवार को मोर्चा के संयोजक संजीव आचार्य के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक सरजू राय से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण पत्र सौपा। संजीव आचार्य ने बताया आगामी 18 जुलाई को सुबह 11 बजे साकची बसंत टॉकीज गोलचक्कर के पास शहीद चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर भारत के पूर्व वित्त और विदेश मंत्री और जेपी आंदोलनकारी यशवंत सिन्हा के शामिल होने की प्रबल संभावना है।साथ ही सभा में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी, दिग्विजय सिंह, एके श्रीवास्तव, सुरेश दत्त पांडे, संतोष अग्रवाल, योगेश शर्मा, केएन सिंह, अवधेश पाठक और विष्णु भगवान समेत कई जेपी आंदोलनकारी नेता उपस्थित रहेंगे। शहीद स्मारक निर्माण समिति, जेपी युवा छात्र संघर्ष मोर्चा और झारखंड क्रांति सेना के तत्वावधान में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा।शहर को होर्डिंग, पोस्टर और बैनरों से सजाया जायेगा। पदयात्रा और मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से छात्र, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचेंगे।उन्होंने कहा विधायक सरयू राय को आमंत्रण पत्र सौंपकर कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया।

# सदर एसडीएम ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा

**मझिआंव व कांडी में कोयल एवं सोन के जलमग्न इलाकों का किया निरीक्षण**

**लोगों को सुरक्षित इलाकों में जाने की अपीलकी, प्रभावितों के लिए सरकारी भवन उपलब्ध करवाये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने बुधवार को मझिआंव एवं कांडी प्रखंड के बाढ़ संभावित एवं जलमग्न इलाकों का आकस्मिक दौरा कर संवेदनशील इलाकों कि निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बांकी, कोयल एवं सोन नदियों के किनारे बसे क्षेत्रों का जायजा लिया एवं वहां रह रहे लोगों को सतर्क किया। नदी किनारे झुग्गी-झोपड़ी एवं कच्चे मकानों में रह रहे लोगों को संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर जाने का निर्देश दिया। एसडीएम ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों सह अंचल अधिकारियों को सतत निगरानी रखने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कांडी सीओ एवं सुंडीपुर पंचायत के मुखिया, स्थानीय नागरिकों तथा प्रशासनिक पदाधिकारियों से जलमग्नता की आशंका वाले गांवों की जानकारी ली और आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने दोनों प्रखंडों के सीओ तथा संबंधित मुखियाओं को निर्देशित किया कि जलमग्न क्षेत्रों के प्रभावित लोगों के लिए राहत व पुनर्वास की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जाये, किसी भी परेशानी की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों को ससमय सूचित किया जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्क्षण सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने मझिआंव, बूढीखांड़, खरसोता, मोरबे, भंडरिया, मोखापी, राणाडीह, खरौंदा, सुंडीपुर बनकट, कसनप, सोनपुरा आदि गांवों का एहतियातन दौरा किया। सोनपुरा की शूलवंती देवी का घर बारिश से गिर गया था इस पर उन्हें और उनके अन्य परिजनों को निकट के आंगनबाड़ी केंद्र में शिफ्ट कराया गया। इसी प्रकार खरौंदा में भी एक- दो परिवारों के घर बारिश के कारण गिर गये, जिन्हें निकट के सरकारी स्कूल में अविलंब शिफ्ट कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान कांडी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश सहाय, सुंडीपुर के मुखिया, बीडीसी, बलियारी के मुखिया प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। कांडी से लौटने के क्रम में उन्होंने लमारी गांव के पास रह रहे मुसहर परिवारों का भी हाल-चाल लिया। उन्होंने खुले में रह रहे इन अति दलित परिवारों से किसी सुरक्षित जगह या किसी सरकारी भवन में शिफ्ट होने का अनुरोध किया।

**सर्पदंश की स्थिति में सीधे अस्पताल जाने की अपील :** संजय कुमार ने इन जलमग्न इलाकों के दौरे के दौरान माइक से स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि जल भराव वाले क्षेत्रों में सांप निकलने और सर्पदंश की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं, ऐसी स्थिति में लोग झाड़फूक में समय लगाने की बजाय अविलंब अस्पताल पहुंचने के विकल्प को अपनायें।

## सीओ ने पुल का किया निरीक्षण, स्थानीय लोगों से पुल से दूरी बनाये रखने की अपील की



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में हो रही भारी मूसलाधार बारिश के कारण जल जमाव से राहगीर समेत ग्रामीण परेशान है। बारिश की वजह से साप्ताहिक बाजार दिन बुधवार को बाजार नहीं लगी। इधर प्रबुद्ध नागरिक को कहना है कि जल जमाव से मच्छरों का प्रकोप का भी बढ़ने की आशंका प्रबल हो गई है। इधर जल जमाव एवं बाढ़ की लगातार हो रही वृद्धि को लेकर सीओ प्रमोद कुमार एवं बीडीओ कनक ने कोयल नदी के निकटवर्ती क्षेत्र एवं कोयल नदी पुल व बांकी नदी का निरीक्षण किया। और कहा कि लगातार बढ़ रही बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट है। बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इधर प्रशासनिक अधिकारियों ने तमाम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने आप में सतर्क रहें। प्रशासन हर संभव बाढ़ से अनहोनी घटना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इधर ज्ञात होगी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीनस्थ मुख्य सड़क मार्ग पर पूर्व में पानी निकासी के लिए नाला बनवाया गया था। लेकिन लोगों द्वारा अपने स्वार्थ में नाला को बंद करा दिया गया। जिससे जल जमाव हो गया है।

## लगातार बारिश और बिजली संकट से जनजीवन प्रभावित

कांडी (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीते दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश के कारण आम लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां जलजमाव और फिसलन से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है, वहीं दूसरी ओर बिजली आपूर्ति बाधित होने से भी स्थिति और गंभीर हो गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार-मंगलवार की रात्रि लगभग एक बजे से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। मौसम विभाग द्वारा लगातार बारिश की चेतावनी दी जा रही है, इसके बावजूद अब तक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों को लेकर कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है।

# अनियमितता उजागर होने पर नयी सड़क की मरमत शुरू

**विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि गुणवत्ता पर है सवाल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के सिवाना पदुआ मोड़ से भंडार भाया सिकनी पतहरिया पथ निर्माण के कार्य पूर्ण होने के तीन माह बाद ही कोई जगह खराब होने पर अनियमितता उजागर होते ही निर्माण कंपनी द्वारा मरम्मती का कार्य शुरू कर दिया गया है। महंगा प्राक्कलन से बना उक्त रोड निर्माण के तीन माह बाद ही खराब होने से नाराज स्थानीय लोगों ने प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन को बुलाकर नयी सड़क में हुई अनियमितता को लेकर आक्रोश व्यक्त किया था। मौके पर विधायक प्रतिनिधि, मुखिया मनदीप सिंह व अन्य लोगों ने प्रशासन से सड़क का जांच करने तथा दुर्घटना न हो इसके लिए सड़क की मरम्मती कराने का मांग किया था। उक्त खबर को दैनिक अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने पर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहवरिया के समीप बने पुलिया के पास जहां नयी सड़क में काफी दूर तक दरार पड़कर टूट गयी थी। यहां मुरम डालकर सड़क की मरम्मती करायी गयी। मुरम डालकर सड़क की मरम्मती करने की जानकारी मिलने पर डॉ लालमोहन ने कहा कि सड़क के गुणवत्ता की जांच जरूरी है। अगर ठीक से मरम्मती नहीं कराई गयी, तो इसकी शिकायत विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से की जायेगी। इस संबंध में पूछने पर ग्रामीण विकास विभाग के अभियंता अंकुर चौरसिया ने बताया कि मरम्मति व निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। बारिश के कारण व्यवधान उत्पन हो रहा है। अगर दो दिन मौसम साफ रहेगा तो कार्य को पूर्ण करा दिया जायेगा।


## कार्यालय, जिला परिषद, राँची
(अभियंत्रण शाखा)

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर– DOPR/DE/Ranchi/08/2025-26

| S.No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | राँची जिलान्तर्गत गेतलसूद में Community Centre का निर्माण सहित अन्य विकास कार्य। | 7,05,24,000.00 | 14,10,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |

नोट :– केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।

1. अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.07.2025
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–25.07.2025 से 31.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि–01.08.2025 को 5.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची। ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0– 7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।
10. इस निविदा में जिला परिषद, राँची / भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, राँची

PR 357497 Panchayati Raj (25-26)_D


## मुहर्रम जुलूस में डीजे बजाने वाले तीन संचालकों पर प्राथमिकी



मेराल (आजाद सिपाही)। मुहर्रम के जुलूस में डीजे बजाने वाले तीन डीजे वालों पर मेराल थाना में झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। सीओ यशवंत नायक द्वारा मंगलवार की देर शाम को मेराल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि सीओ के आवेदन पर 6 जुलाई को मुहर्रम के दिन जुलूस में प्रतिबंधित ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाने को लेकर तीन डीजे वालों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मुहर्रम के जुलूस के दौरान नियम का उल्लंघन कर डीजे बजाए जाने की सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा के आदेश पर महाकाल डीजे साउंड लगमा, जुगनू डीजे साउंड तथा रहमतुन डीजे साउंड के संचालक पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। नयीदिशा परियोजना के अंतर्गत एलएंडटी एवं बदलाव फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से विभिन्न पंचायतों में लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में16 जुलाई 2025 को रंका प्रखंड के खरडीहा पंचायत स्थित विद्यालय में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सा जैसी विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गयी। स्वास्थ्य विभाग से डॉ प्रीति सिंह तिवारी, डॉ भानु प्रताप सिंह, सुधीर कुमार दंत सहायक, सत्य प्रकाश कुमार नेत्र सहायक, नर्स, फार्मासिस्ट, एएनएम समेत पूरी मेडिकल टीम शिविर में उपस्थिति रही। पंचायत की मुखिया नेहा कुमारी एवं मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव तथा बीडीसी नौशाद अंसारी की गरिमा में उपस्थिति रही। इस शिविर में 85 से अधिक बच्चों सहित स्थानीय समुदाय के 180 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

## धुरकी में थाना दिवस का आयोजन



धुरकी (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी और थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में कुल 08 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 03 मामलों को दोनों पक्षों को आपसी सहमति से त्वरित निष्पादन कर संबंधित आवेदकों को राहत दी गयी। प्राप्त आवेदनों में अधिकतर मामले भूमि विवाद, मापी संबंधी शिकायत और जमीन बंटवारे को लेकर परेशानी से जुड़े थे। थाना दिवस के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा नशा के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया। मौके पर अंचल सीआई विकास कुमार, राजस्व कर्मचारी शशिकांत विश्वकर्मा, मोजीब खान, सब इंस्पेक्टर सुनील, सुभाष सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए आज जिले के सभी स्कूल रहेंगे बंद

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा एवं आगामी 24 घंटे में और तेज बारिश की संभावना को देखते हुए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 17 जुलाई 2025 (गुरुवार) को अवकाश घोषित किया गया है। यह निर्णय आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी चेतावनी के आलोक में छात्रों की सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी विद्यालयों के प्राचार्य/ प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया जाता है कि वे आदेश का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

## एसपी ने भवनाथपुर थाना का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भवनाथपुर थाना का मंगलवार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भवनाथपुर थाना में लंबित कांडों की समीक्षा कर इसे त्वरित निष्पादन करने, अपराध नियंत्रण हेतु थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करने, एंटी क्राइम चेकिंग अभियान नियमित अंतराल पर चलाने, वाहन दुर्घटना में कमी लाने हेतु लोगों को जागरूक करने, थाना क्षेत्र में साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशाखोरी के बारे में जागरूकता अभियान चलाने, थाना में आने वाले आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसे यथाशीघ्र निष्पादन करने, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ अच्छा समन्वय बनाकर रखने, अपराधी प्रवृति के व्यक्तियों पर विशेष ध्यान देने इत्यादि का निर्देश दिया गया। निरीक्षण उपरांत भवनाथपुर थाना के द्वारा विशेष छापामारी अभियान चलाकर विभिन्न कांडों में संलिप्त 12 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिसमें सुखाड़ी पासवान, मोती पासवान, पचू, पासवान, सुरेश पासवान, राम गुलाम यादव, प्रमोद यादव, बिनोद यादव, विजय पासवान, रामावतार यादव, विनय यादव, मुगल यादव, प्रदीप राम का नाम शामिल है।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा में नामांकन का आज अंतिम दिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 आरटीई के अंतर्गत जीएन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा सत्र 2025- 26 में प्रवेश कक्षा वन के 25% सीट के विरुद्ध रिक्त 3 सीटों पर नामांकन से संबंधित सूचना। नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम एवं विभागीय सूचना संख्या 237 के अनुपालन में सहायता प्राप्त निजी विद्यालय के प्रवेश कक्षा 1 में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के एक किलोमीटर या 3 किलोमीटर या 6 किलोमीटर दूरी सीमा तक अभिवंचित समूह, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय या 40% से अधिक नि:शक्त बच्चों एवं अनाथ बच्चे अथवा कमजोर वर्ग जिनके परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 72 हजार से कम हो के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है। विद्यालय में 10 सीटों की विरुद्ध में तीन सीट खाली है। इच्छुक युवक आवेदन कर सकते हैं। अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि जो आस-पड़ोस के निवासी अभिभावक अपने आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र या मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो वही मान्य होंगे। अवांछित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र, नि:शक्त बच्चों के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत 72 हजार वाले आय प्रमाण पत्र मान्य है। प्रवेश कक्षा 1 में नामांकन हेतु 5 वर्ष 6 माह से 7 वर्ष के बीच आयु का होना आवश्यक है। उम्र की गणना 31 मार्च 2025 होगी। ऑनलाइन का फॉर्म 17 जुलाई 2025 तक भरा जायेगा। इच्छुक अभिभावकों से आग्रह है कि नामांकन हेतु इस विद्यालय के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे।


## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

**मत्स्य पालकों के लिए पाँच दिवसीय मत्स्य पालन का प्रशिक्षण की सूचना**

मुख्य अनुदेशक, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची का पत्रांक 308, दिनांक– 07.07.2025 के द्वारा मत्स्य पालन की नवीन तकनीकों एवं विधियों से अवगत कराने हेतु मत्स्य कृषकों के लिए राज्य स्तरीय पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची उपलब्ध कराई गई है। अतः सिमडेगा जिला के सभी मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सारणी में अंकित तिथियों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रशिक्षण में सम्मिलित हो सकते हैं।

वैसे मत्स्य कृषक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं जिनके पास निजी / लीज पर ली गई सरकारी जलकर / लीज पर लिए गए अन्य जलकर / साझा तालाब है।

**दैनिक भत्ता** – प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन मो0– 200 / –(दो सौ) रू0 मात्र के दर से पाँच दिनों का कुल– 1000 / – (एक हजार) रू0 मात्र भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अधिकतम मो0– 600 / –(छः सौ) रू0 मात्र मार्ग व्यय (अथवा वास्तविक भाड़ा जो भी कम हो, जिला मुख्यालय से राँची मुख्यालय तक) भुगतान किया जाएगा। मानदेय का भुगतान प्रशिक्षणार्थी के बैंक खाता के माध्यम से ही किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थी को यथा निर्धारित दर से खाने का व्यय का वहन स्वयं करना होगा। अतः कृपया वैसे मत्स्य कृषक ही प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे जिनका अपना बैंक खाता हो और चालू अवस्था में हो। मानेदय भुगतान हेतु अपना बैंक पासबुक तथा आधार कार्ड की मूल और छाया प्रति अवश्य साथ ले लाएँ।

**प्रशिक्षण एवं आवासन स्थल – मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची।**

**सिमडेगा जिला का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है :–**

| प्रशिक्षण का नाम | तिथि का निर्धारण |
|---|---|
| राज्य स्तरीय पाँच दिवसीय मत्स्य पालन का प्रषिक्षण कार्यक्रम | 19.07.2025 – 23.07.2025 |
| | 18.08.2025 – 22.08.2025 |
| | 15.09.2025 – 19.09.2025 |
| | 14.10.2025 – 18.10.2025 |
| | 18.11.2025 – 22.11.2025 |
| | 15.12.2025 – 19.12.2025 |
| | 13.01.2026 – 17.01.2025 |
| | 09.02.2026 – 13.02.2026 |
| | 10.03.2026 – 14.03.2026 |

**प्रशिक्षण हेतु आवश्यक कागजात :–** 1. रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो एक प्रति। 2. अपना आधार से लिंक किया गया मोबाईल नम्बर के साथ मोबाईल। 3. आधार मूल प्रति। 4. बैक पासबुक (Original / मूल प्रति)। 5. पैन कार्ड (Original / मूल प्रति)। 6. राशन कार्ड यदि हो तो (Original / मूल प्रति)। 7. वोटर आई0डी0कार्ड (Original / मूल प्रति)। 8. जमीन का रसीद, ऑनलाईन से प्राप्त किया हुआ (Original / मूल प्रति)। 9. तालाब (निजी / साझा / लीज जो भी हो सभी) का खाता सं0, प्लॉट सं0 एवं जलक्षेत्र (तालाब का आकार)। 10. आय प्रमाण पत्र यदि हो तो (Original / मूल प्रति)। 11. जाति प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र ऑनलाईन से प्राप्त किया हुआ (Original / मूल प्रति)। 12. तालाब किस योजना / किस विभाग / किस वर्ष बना है, निजी / साझा / लीज की जानकारी। 13. वंशावली / खतियान की प्रति। 14. मकान संख्या / मकान जिस खेसरा / प्लॉट सं0 पर बना है की जानकारी। 15. जिनका मोबाईल नम्बर आधार से लिंक नहीं है वे प्रज्ञा / आधार सुधार केन्द्र में जाकर लिंक करा लें। 16. तालाब के साथ लाभुक का GPS/Location वाला फोटोग्राफ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 357443 Simdega(25-26).D



## कार्यालयः जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला में वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्यादेश सं0–11 रा0(वि0), दिनांक– 04.07.2025 के आलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अंतर्गत निम्नलिखित योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है एवं जिसके आलोक में निम्नांकित योजनाओं हेतु लाभुकों का चयन किया जाना है। अतः निम्न योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | लघु शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | इकाई अनुमान्य अनुदान | लाभुक का अंषदान | चयन हेतु अर्हताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | सं0 में | 796 | 50 | अधिकतम 1815 / – रू | 25 प्रतिषत अथवा 605 / – रू0 (इकाई लागत का) | 1. केज मत्स्य पालक हो जिनके द्वारा वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा हो। 2. लाभुक द्वारा अपना अंषदान लगाने हेतु लिखित सहमति देना होगा। 3. विगत वर्षों का केज में मछली उत्पादन का आँकड़ा लिखित रूप में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। 4. सरकार का अंषदान 75 प्रतिषत् (1815 / –रू0 देय होगा एवं शेष अंषदान 25 प्रतिषत लाभुक द्वारा वहन किया जाएगा।) |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | एकड़ में | 796 | 4 | अधिकतम 128000 / – रू0 (प्रति एकड़) | | 1. आवेदक मत्स्य पालन से जुड़ा हो। 2. अपना निजी 1 एकड़ एकड़ जलक्षेत्र का सदाबहार तालाब हो। 3. ST/SC/ एवं महिला वर्ग के लिए राज्य सरकार का अंषदान 128000 / – रू0 प्रति एकड़ होगा शेष अंषदान लाभुक द्वारा वहन किया जाएगा। |
| 3 | पुरस्कार / सम्मान | सं0 में | 796 | 2 | अधिकतम 30000 / – रू0 | | उत्कृष्ट मत्स्य पालकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार स्वरूप / सम्मानित करने हेतु अधिकतम् राशि 30000 / – रू0 प्रति चयनित कृषक पुरस्कार के रूप में 12 Paddle Wheel Aerator (विभाग द्वारा अनुमोदित) अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिन्डर (Accessories सहित) के क्रय हेतु प्रोत्साहन राषि उनके बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से दी जायेगी। |
| 4 | जलाशय स्तरीय मछुआरों के लिए I. Card | सं0 में | 796 | 20 | – | – | जलाषयों में मत्स्य षिकारमाही करने वाले मछुआरे वांछित कागजातों के साथ अपना निबंधन कराने हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है। |
| 5 | मत्स्य बीज उत्पादकों को 03 दिवसीय प्रषिक्षण | सं0 में | 796 789 | 190 20 | – | – | सभी इच्छुक मत्स्य कृषक प्रषिक्षण हेतु जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में संपर्क करें। |
| 6 | मत्स्य बीज उत्पादकों / मत्स्य कृषकों आदि को 01 से 01 दिवसीय कार्यषाला / सेमिनार | सं0 में | 796 789 | 50 15 | – | – | |
| 7 | 05 दिवसीय प्रषिक्षण / विषय आधारित प्रषिक्षण | सं0 में | 796 789 | 190 40 | – | – | |
| 8 | नये रंगीन मछली पालन | सं0 में | 796 | 05 | – | – | नये रंगीन मछली पालन हेतु पूरक सामग्री आपूर्ति की जाएगी इस हेतु कार्यालय में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। |

नोटः– एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिए गए विवरणों के आलोक में सिमडेगा जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अहर्ता रखते हैं एवं आवेदित कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अंशदान लगाने में सक्षम है, उनसे आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 05.08.2025
आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।

आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है एवं आवेदन **Offline/Online Block Chain** के माध्यम से भी कर सकते हैं।

संबंधित जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 357449 Simdega(25-26)D


# उपायुक्त ने गढ़वा और डंडई स्थित विदेशी शराब दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**वैकल्पिक व्यवस्था के तहत संचालित दुकानों में पारदर्शिता एवं अनुशासन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बुधवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने अपर समाहर्ता राज महेश्वरम एवं उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार के साथ सहिजना चौक स्थित विदेशी शराब दुकान एवं डंडई स्थित कंपोजिट शराब दुकान का औचक निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण हाल ही में शुरू की गयी वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत संचालित दुकानों की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता एवं नियमन की समीक्षा हेतु किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि दुकानों का संचालन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाये। उन्होंने दुकानों के चयनित कर्मियों को निर्देशित किया कि शराब बिक्री से प्राप्त संपूर्ण राशि का शत-प्रतिशत हस्तांतरण रक्र एजेंसी के पास किया जाना अनिवार्य है तथा समस्त बिक्री रसीदों को सुरक्षित रखा जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि ग्राहकों की मांग के अनुसार उपयुक्त मात्रा एवं ब्रांड की शराब की मांग की जाये, ताकि कालाबाजारी या अव्यवस्था की संभावना न रहे। साथ ही, उन्होंने Track & Trace (T&T) प्रणाली के माध्यम से शराब की बिक्री सुनिश्चित करने की बाते कही, जिससे बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने यह भी संकेत दिया कि ऐसे निरीक्षण भविष्य में भी समय-समय पर जारी रहेंगे। ताकि नई वैकल्पिक व्यवस्था को प्रभावशाली, पारदर्शी और सुचारू रूप से लागू किया जा सके।

## उपायुक्त ने डंडई प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश

डंडई (आजाद सिपाही)। बुधवार को गढ़वा जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश कुमार यादव ने डंडई प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों और पंचायत भवनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई गंभीर लापरवाहियां सामने आईं, जिस पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये। निरीक्षण की शुरूआत डंडई प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय से हुई, जहां कई कर्मचारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। इस पर उपायुक्त ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे आम जनता के कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वाली गंभीर लापरवाही बताया और तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि बीडीओ एवं अंचल अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मियों पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं, जिससे नियमित उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। पंचायत भवन डंडई के निरीक्षण के दौरान भी कई कमियां उजागर हुईं। यहां संचालित प्रज्ञा केंद्र पूरी तरह निष्क्रिय पाया गया, न ही वहां निर्धारित शुल्क सूची प्रदर्शित थी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पंचायत भवनों में संचालित प्रज्ञा केंद्र नियमित रूप से संचालित हों और किसी भी स्थिति में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि की वसूली न की जाए। यदि शिकायत मिली तो संबंधित प्रज्ञा केंद्र का लाइसेंस रद्द कर संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## बीएलओ को मिला तकनीकी प्रशिक्षण

राहे (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा, विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर राहे प्रखंड सभागार में बुधवार को एसआइआर का तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बूथ संख्या 143 से 197 तक के बीएलओ को कार्यक्रम सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अशोक कुमार ओर तकनीकी सहायक राजकुमार के देखरेख में किया गया। सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक, अमीन एवं आवास समन्वयकों को मतदान केंद्रों के नजरी नक्शा, स्थल सीमांकन एवं मुख्य मानचित्र से संबंधित तकनीकी जानकारी के अलावे दी।सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के तहत हर योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में हो, यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। तकनीकी प्रशिक्षण से इस कार्य को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

# अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर आवाज उठायें ग्रामीण : सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि ग्रामीण संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठायें। उन्होंने कहा कि गांव वालों की समस्याओं का निराकरण करना उनकी प्राथमिकता है और वे धीरे-धीरे सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत हैं। विधायक बुधवार को अपने आवास पर तोरपा प्रखंड के सराबुरु ग्राम की महिलाओं की समस्याओं की जानकारी ले रहे थे। महिलाओं ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विधायक से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में नदी पर पुल नहीं होने के कारण और पानी भर जाने से उनको आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही उन्होंने अपने गांव में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे पानी की आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और सड़क संपर्क में सुधार की मांग की। महिलाओं ने ग्राम विकास के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। विधायक ने उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और समाधान के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने की भरोसा दिया।

**हाथी प्रभावित इलाकों का दौरा किया :** विधायक सुदीप गुड़िया ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ बुधवार को तोरपा प्रखंड के फटका पंचायत के लोहाजिमी, डेरांग आदि का दौरा कर जंगली हाथियों द्वारा किये जा रहे नुकसान की जानकारी ली। क्षेत्र के निवासियों ने हाथियों के कारण हो रही फसल हानि और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को विधायक के समक्ष रखा। ज्ञात हो की इन दिनों हाथियों द्वारा फसलों को नस्ट और घरों को तोड़ा जा रहा है और वहां रखे अनाज को गजराज खा जा रहे हैं। विधायक ने वन विभाग के अणिकारियों को प्रभावित इलाकों में तत्काल प्रभाव से योजना बनाने के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि सरकार इस समस्या के समाधान के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

# दिउडी मंदिर में सुंदरीकरण का कार्य शांतिपूर्ण तरीके से शुरू





आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ के दिउडी मंदिर में सुंदरीकरण का कार्य दुसरे दिन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। बुधवार को भी मंदिर परिसर पुरी तरह पुलिस छावनी में तब्दील रहा। रोज की भांति मंदिर में पुजा अर्चना होती रही। एसडीओ बुंडू व डीएसपी बुंडू मंदिर परिसर में कैंप किए हुए हैं। मंगलवार को अधिकारियों की देख रेख में निर्माण कार्य चालू किया गया था। स्थानीय कुछ ग्रामीण इसका विरोध कर रहे थे और इसको लेकर पुलिस प्रशासन से नोक झोंक भी हुई थी, लेकिन बुधवार को सामान्य रहा। लगभग तीन सौ से अधिक जवान कैंप किए हुए है, जिसमें रैंप की दो कंपनी जैप महिला व पुरुष बटालियन झारखंड पुलिस है। लगभग एक वर्ष से कार्य बंद था। लगभग साढ़े आठ करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य होना है, जिसका शिलान्यास भी पहले हो चुका है। विवाद के बाद कार्य को बंद करा दिया गया था। कार्य के संवेदक लगातार कार्य को शुरू करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी, लेकिन बुधवार को दो ट्रैक्टर व एक जेसीबी मशीन कार्य स्थल पर लगी थी और कार्य तेजी से चल रही थी।

## लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

बुंडू (आजाद सिपाही)। पुरे पांच परगना क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसका असर किसानों के हरी सब्जी की खेती में पड़ा है। लौकी, नेनुआ, बैंगन, टमाटर, पत्तेदार सब्जी आदि अतिवृष्टि से नष्ट हो गये है जिससे इन दिनों बाजारो से हरी सब्जी की किल्लत हो गयी है। बाजारों में हरी सब्जी करेला 80 रु किलो, भिंडी 60 रु, बोदी 80 रु, टमाटर 80 रु, बैगन 60 रु, मूली 40 रु की दर से सब्जी की खरीदारी हो रही है। किसानों के अनुसार सब्जियों के दामों में और वृद्धि होने की संभावना जतायी गयी है। अतिवृष्टि से किसान काफी चिंतित हैं। धान के बिचड़े अभी भी किसान लगा नहीं पाये हैं। किसान कादो बिचड़ा अब लगा रहे हैं। बहुत सारे किसानों के बिचड़े खेतों में सड गये हैं, वे फिर दुबारा बिचड़ा लगा रहे हैं। किसान करें तो क्या करें उन्हें समझ में नहीं आ रहा है।

## चरकुडीह में भारी बारिश से मकान ध्वस्त



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के बारेंदा पंचायत के चरकुडीह गांव में लगातार हो रहे भारी बारिश से बुधवार सुबह बारगी देवी पति सीमन्तन महतो का घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। घर के गिरने से काफी नुकसान हुआ है इधर सूचना मिलते ही मुखिया सुभद्रा देवी पीड़ित के घर पहुंची। नुकसान की जानकारी ली ओर कागजी कार्रवाई करते हुए उचित मुवावजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## मुरी में बारिश से गिरा मिट्टी का मकान



मुरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार की अहले सुबह लगातार भारी बारिश होने की वजह से लेंगाहातू (कलुवाडीह) निवासी पवन कुमार महली का मिट्टी का कच्चा घर ढह गया, जिसमें घर के लोग बाल बाल बचे। पवन कुमार महली ने बताया कि वे मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं एवं आर्थिक रूप से भी काफी कमजोर हैं। बताया गया कि घर ढहने के बाद अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि पहल करने नहीं पहुंचे।

## मुरी स्टेशन में नये मुख्य टिकट निरीक्षक ने पदभार ग्रहण किया



मुरी (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल अंतर्गत मुरी स्टेशन में वाणिज्य विभाग में नये मुख्य टिकट निरीक्षक फ्रीडी एक्का ने अपना पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान मुख्य टिकट निरीक्षक रामनाथ महतो का स्थानांतर रांची हो गया है। नये मुख्य टिकट निरीक्षक इससे पूर्व रांची में पदस्थापित थे और राजधानी ट्रेन में सुपरिटेंडेंट के रूप में लगभग 3 वर्ष तक सेवा दिए। विभाग द्वारा उनकी सेवा और कार्यकाल को देखते हुए मुरी में इन्हें इंचार्ज के रूप में पदस्थापित किया। इस मौके पर पी सी महतो, विनोद कुमार मांझी, राहुल कुमार, रत्नेश चंदन, राकेश रंजन, पिंटू, पुलिना मुखिया अन्य रेलकर्मी मौजूद रहे।

## सड़क पर गिरे पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के जापुद गांव के पास मंगलवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में बोतलों गांव निवासी अंकुश भेंगरा नामक 18 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार अंकुश मंगलवार की रात लगभग साढ़े दस बजे अपनी बाइक से अंगराबारी से अपने गांव बोतलों लौट रहा था। जापुद गांव के पास सड़क पर गिरे पेड़ से मोटरसाइकिल टकरा गयी, जिससे अंकुश की घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर बुधवार को तोरपा थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है।

# केंद्रीय अस्पताल डकारा में अमृत फार्मेसी यूनिट का हुआ उद्घाटन

**कामगारों को मिलेगी सस्ती ब्रांडेड दवायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** केंद्रीय अस्पताल डकारा में बुधवार को अमृत फार्मेसी यूनिट की शुरूआत की गयी। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर अमृत फार्मेसी यूनिट का उद्घाटन किया। वहीं महाप्रबंधक ने इस पहल को क्षेत्र के हजारों कामगारों और ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण बताया। श्री गुप्ता ने कहा कि अब एनके, पिपरवार, राजहरा, मगध संघमित्रा आम्रपाली परियोजनाओं के कामगारों को ब्रांडेड दवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी। वहीं नॉन-एंटाइटल्ड लोग भी इसका लाभ ले सकेंगे। अस्पताल की मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभा कुमारी ने कहा कि कर्मचारियों को अब कैशलेस इलाज, गुणवत्तापूर्ण दवाएं और उनकी सुनिश्चित उपलब्धता ये तीनों सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होगी। वहीं गंभीर बीमारियों जैसे किडनी, हृदय व कैंसर की दवाएं यूनिट में 15 से 50 प्रतिशत तक की छूट में मिलेंगी।मालूम हों कि सीसीएल क्षेत्र में गांधीनगर और नई सराय के बाद एनके एरिया में यह तीसरा अमृत फार्मेसी स्टोर है। फार्मेसी के वाइस प्रेसिडेंट सोमिक घोष ने जानकारी दी कि यह यूनिट 24 घंटे व सप्ताह के सातों दिन खुलेगी। इसके लिए 6 फार्मासिस्टों की नियुक्ति की गयी है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय ग्रामीणों को भी सस्ती और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे पूर्व समारोह में उपस्थित अधिकारियों और यूनियन प्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ एम मार्को ने दिया। इस अवसर पर डीएम संजय गुप्ता, डिप्टी अजय सिंह, डकारा पीओ संजीव कुमार, सीएसआर अधिकारी निखिल अवकौरी, श्रम नेता ललन प्रसाद सिंह, प्रेम कुमार, डीपी सिंह, विनय सिंह, गोल्टन प्रसाद, सुनील सिंह, कृष्णा चौहान, मिथलेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अमरभूषण सिंह, हरेंद्र सिंह, देवपाल मुंडा, दिनेश भर, अनुप रजक सहित अस्पताल के चिकित्सक, नर्स और कर्मचारी मौजूद थे।

**सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन और आरसीएमएस के बीच हुई सकारात्मक वार्ता**

# मजदूरों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं : डीके गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया में कार्यरत असंगठित मजदूरों के अधिकारों और हितों की रक्षा को लेकर बुधवार को आरसीएमएस यूनियन और सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन के बीच महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। उल्लेखनीय है कि एनके एरिया अंतर्गत कोल हैंडलिंग प्लांट लगा कर रही मधुकान प्रोजेक्ट्स लिमिटेड पर मजदूरों के शोषण और हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आरसीएमएस यूनियन आंदोलन कर रही थी। इसी क्रम में यूनियन द्वारा 13 और 14 जुलाई को हड़ताल का ऐलान किया गया था। परंतु इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के आकस्मिक निधन के कारण हड़ताल स्थगित कर दी गई। हड़ताल की अगली तिथि घोषित होने से पूर्व ही एनके एरिया प्रबंधन द्वारा वार्ता की पहल की गयी। बैठक में एनके एरिया के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मजदूरों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों से प्रतिदिन केवल आठ घंटे ही कार्य लिया जायेगा। साथ ही, कोल इंडिया द्वारा आउटसोर्सिंग कंपनियों के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन का पालन मधुकान कंपनी को अनिवार्य रूप से करना होगा। मजदूरों को साप्ताहिक अवकाश देना होगा। असंगठित मजदूरों का सीएमपीएफ भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जायेगा। महाप्रबंधक ने यह भी कहा कि हर शनिवार को सीएमपीएफ भुगतान की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की जायेगी, जिसकी अध्यक्षता वे स्वयं करेंगे। बैठक में प्रबंधन पक्ष से महाप्रबंधक डीके गुप्ता, केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह, दीपक गिरि, रानी चौबे एवं गरिमा सिंह उपस्थित थे। वहीं, यूनियन की ओर से आरसीएमएस एरिया अध्यक्ष बीएन पांडेय, एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, पज्जु महतो, मुमताज अंसारी, सलामत अंसारी, अशोक सिंह, कृष्ण सिंह सहित कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पीपीके कॉलेज बुंडू में स्नातक में 21 तक भर सकते हैं परीक्षा फॉर्म



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** पीपीके कॉलेज बुंडू में स्नातक सत्र 2024 - 28 के सेमेस्टर - 1 के छात्रों का परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है विश्वविद्यालय द्वारा 4 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक परीक्षा फॉर्म बिना किसी शुल्क के भरवाने का स्पष्ट आदेश दिया गया था, कॉलेज प्रशासन मोनोपोली कर 12 जुलाई से फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू की। जाहिर सी बात है कि छात्रों को कम समय देकर शुल्क भरवाने में मजबूर किया जा रहा है। बड़ी संख्या में विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर, मजदूर और अंत्योदय से आते हैं जो शुल्क वहन करने में असमर्थ हैं। छात्र नेता सुरेंद्र लोहरा ने इस विषय में कॉलेज प्रिंसिपल को औपचारिक सूचना देते हुए चेतावनी दी है कि यदि छात्रों से शुल्क लगा तो कॉलेज में आंदोलन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा तत्काल रूप से छात्रों की मांग पूरी करते हुए 21 जुलाई तक बिना शुल्क फॉर्म भरने की अवधि बढ़ा दी गयी, जिसका नोटिफिकेशन विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जारी किया गया है।

## खलारी सिमेंट फैक्ट्री में चोरी कर काटे गये गेट को ले जाते चोर पकड़ाया

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी सिमेंट फैक्ट्री में कार्यरत सुरक्षाकर्मियों ने बुधवार की शाम में फैक्ट्री के जेनरल ऑफिस कार्यालय के मेन गेट के कटे भाग को ले जाते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा। इसकी सूचना सुरक्षाकर्मियों ने फैक्ट्री प्रबंधन व खलारी पुलिस को दिया। मौके पर खलारी पुलिस ने व्यक्ति को हिरासत में लेकर चोरी के गेट व उसकी मोपेड बाईक जेएच 01 पी 6586 को जब्त कर लिया। इस संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन के आरके सिंह ने बताया कि सोमवार की रात चोरों ने जेनरल ऑफिस के मेन गेट के एक हिस्से को काट लिया था जिसकी जानकारी सुबह में मिली थी। इस संबंध में मंगलवार को खलारी थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। बुधवार को मौका देखकर चोर झाड़ी में छिपाया गया कटे गेट को लेकर भागने का प्रयास कर रहा था जिसे सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया।

# रैयत विस्थापित मोर्चा ने सात सूत्री मांगों पर आंदोलन तेज करने का आह्वान किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू बिजेन के देवी मंडप में रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता विस्थापित नेता रंथू गंझू एवं संचालन रामचंद्र उरांव एवं राहुल राम ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में राजधर साइडिंग से जुड़े विस्थापितों के सात सूत्री मांगों को लेकर चल रही आंदोलन पर गहन विचार विमर्श करते हुए आगे की रणनीति बनायी गयी और आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया गया। रैयत विस्थापित मोर्चा के क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र उरांव ने कहा कि 30 जून 2025 के वार्ता के मुताबिक राजधर साइडिंग के विस्थापितों को साइडिंग में ट्रांसपोर्टिंग, लोडिंग, सैंपलिंग, मुंशी, सुपरवाइजर, हेल्पर गार्ड, एवं ऑपरेटर आदि कार्यों में रखा जाए। साइडिंग ग्राम बहेरा, कारो, कल्याणपुर, सरैया, ठेठांगी, राजधर, मायापुर, मैक्लुस्कीगंज इत्यादि दर्जनों गांव विस्थापित हुए हैं, जिसमें अधिकांश एसटी एससी का जमीन गया है। वक्ताओं ने कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा वंचितों के हित में आंदोलन कर रही है, जिसे कुछ लोगो के द्वारा गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि प्रबंधन मांगों को पूरा नहीं करती है तो जोरदार आंदोलन किया जायेगा। बैठक में बाबूलाल राम, कर्मा गंझू, पच्चू गंझू, सुरेंद्र राम, राजू करमाली, पंकज दास, देवनाथ महतो, महेश प्रसाद, मनोज प्रजापति, अनूप उरांव, इंद्रजीत उरांव, दीपाल टाना भगत, विकास खलखो, परतु उरांव, मो असलम, हाजो जसीम, मो एहसान, मो मोखतार, बरतु उरांव सहित कई प्रभावित विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

# मध्यस्थता कार्यक्रम में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करायें : पीडीजे

**यह अभियान एक जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक संचालित होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी व्यवहार न्यायालय में 90 दिवसीय राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान राष्ट्र के लिए मध्यस्थता को लेकर बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रंचिकेश कुमार की अध्यक्षता में प्रधान जिला जज के वैशम में बैठक आयोजित की गयी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) नयी दिल्ली एवं सुप्रीम कोर्ट मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) के निर्देशानुसार झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में 90 दिवसीय राष्ट्रीय मतदाता अभियान के अंतर्गत राष्ट्र के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन फॉर नेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान एक जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक संचालित होगा।

इस अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन कराना है। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रंचिकेश कुमार ने बताया कि इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के सहायक आयुक्त, जिले के अनुमंडल पदाधिकारी, जिले के उपसमाहर्ता, सभी मध्यस्थ अधिवक्ता की मौजूदगी में विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें कई दिशा निर्देश दिए गए, जिससे अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाया जा सके। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता भौतिक, ऑनलाइन और हाइब्रिड मोड में भी आयोजित किया जाना है राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का जल्द समाधान करना है। मध्यस्थता के लिए उपयुक्त लंबित मामलों में मोटर दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले, चेक बाउंस से संबंधित मामले, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, अपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति का विभाजन, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण विवाद, अन्य उपयुक्त सिविल मामले, राजस्व संबंधी प्रकरण आदि शामिल होते हैं। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

बुंडू (आजाद सिपाही)। डामारी में 100 केवीए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिसे मानव सेवा संस्था के सचिव जीतू कुमार ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे गर्मी और बच्चों की पढ़ाई असर पड़ रहा था। जितु कुमार ने मामले की जानकारी मिलते ही महाप्रबंधक मुख्य अभियंता को कॉल कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की, जिसके बाद दो दिनों के अंदर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। बिजली लौटने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गयी। कार्यक्रम में रोशन महतो, धीरेन महतो, मनोज महतो, भीम महतो, शुभम कुमार, अजय महतो, बालेश्वर महतो, विनोद महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सोनाहातू ओर जामुदाग सीएलएफ में वार्षिक आम सभा



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोनाहातू और जामुदाग सीएलएफ कार्यालय में महिला समूह के बीच वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें साल भर का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। पूरे साल में सोनाहातू सीएलएफ को पांच लाख बारह हजार एक सौ रुपये एवं जामुदाग सीएलएफ का मुनाफा नौ लाख पैंतिस हजार चार सौ बतीस रुपया हुआ है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गलऊ पंचायत मुखिया सावना महली ने महिला के क्रियाकलापों ओर स्वरोजगार के प्रति अग्रसर होने की दिशा में कर रहे प्रयासों का चर्चा किये। जेएसएलपीएल के बीपीएम सुनील कुमार राणा ने लेखा जोखा का निरीक्षण किये। मौके पर स्डसेट सिल्ली से अनिल कुमार, समाज सेवी धनु नाग, ललित कुमार, लखिंद्र मुंडा, हीरालाल महतो दीपक कुम्हार, पूनम देवी, करूणा देवी, अध्यक्ष गीता देवी, रीता महतो सचिव शिला देवी, होलिका देवी कोषाध्यक्ष सनोका देवी, प्रथमी देवी आदि मौजूद थे। मंच संचालन सोनाहातू सीएलएफ में उमा देवी और जामुदाग सीएलएफ में वृहस्पति देवी ने किया। समापन के अवसर पर जेंडर सीआरपी द्वारा बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

## शीघ्र गड्ढे नहीं भरे गये तो करेंगे धान रोपनी : प्रभुदयाल



नामकुम (आजाद सिपाही)। वार्ड 47 अंतर्गत जोरार बस्ती पुरुलिया रोड के सिपाही नदी पुल पर निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं पुल के समीप पथ चौड़ी करण को लेकर मिक्सिंग प्लांट भी लगाया हुआ है। जिस कारण पुल के आगे-पीछे पुरुलिया रोड पर सैकड़ों गड्ढे बन गए है और लोग इसी सड़क पर चलने के लिए मजबूर हो गए है। लोगों को इस सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। क्योंकि सड़क पर बने गड्ढों में जल जमाव रहता है। उक्त सड़क पर स्थानीय लोगों के अलावा रांची जिला के अनगड़ा, सिल्ली एवं पश्चिम बंगाल से लोगों का आना जाना लगा रहता है। साथ ही उक्त क्षेत्रों से बीमार मरीजों को लेकर एंबुलेंस गुजरता है। ऑटो रिक्शा या कोई भी गाड़ी हिचकते हुए यहां से गुजरते है। भाजपा नेता सह जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने पथ निर्माण विभाग को आग्रह करते हुए कहा कि अगर शीघ्र गड्ढे नहीं भरे गए तो स्थानीय लोगों के साथ भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर वहां धान रोपनी करेंगे।

# रातू-सिमलिया में चोरी कांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

### 11 जुलाई को दिन दहाड़े घर में हुई थी चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 260/ 25 का द्वेदन करते हुए 5 आरोपियों को रफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के कुम्हारटोली चुन्ना भट्ठा नियर हनुमान मंदिर स्थित रहने वाले स्व कैलाश प्रजापति के 30 वर्षीय पुत्र पवन कुमार, सुखदेवनगर थाना अंतर्गत युमना नगर मुरला पहाड़ निवासी स्व रूपदेव सिंह के 29 वर्षीय पुत्र कौशल सिंह, स्थायी पता बिहार, किशोरी साव के 24 वर्षीय पुत्र राजा साव स्थायी पता बिहार, राँची इरगु टोली निवासी अन्नू यादव के 35 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार यादव तथा मधुकम निवासी भरत प्रसाद के पुत्र संतोष कुमार सोनी (35 ) शामिल है। आरोपियो के पास से पुलिस में चोरी का सामान व चोरी में प्रयुक्त सामान भी जब्त कर लिया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के सिमलिया चाला टोली के रहने वाले आशुतोष उराँव के घर मे 11 जुलाई को दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने रातु थाने में अज्ञात अपराधियो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। पुलिस ने कांड संख्या 260/ 25 दर्ज कर कांड का उद्भेदन व संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गयी। सामानों की बरामदगी के लिए पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के द्वारा पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण रांची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वितीय रॉची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। सूचना मिलते ही गठित टीम के द्वारा काफी तत्परता से चोरी करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही चोरी किये गये सामानों के साथ चोरी में प्रयुक्त सलाई रेंच, पेचकस एवं स्कूटी भी जप्त कर लिया गया।

**पहले करते थे रेकी फिर देते थे घटना को अंजाम :** चोरी करने वाले गिरफ्तार अपराधी इस घटना के अलावे रातू थाना क्षेत्र एवं अन्य कई जगहों पर की गई चोरी की घटना में शामिल रहे है। घटना में शामिल गिरफ्तार सभी अपराधी दो पहिया वाहन से घुम-घुमकर बंद घरों की रेकी करते थे फिर बंद घरों को निशाना बनाते हुए सलाई रिच से ताला तोड़ते थे एवं पेचकश से अलमीरा को तोड़कर चोरी करते थे। गिरफ्तार अपराधी में से एक अपराधी कौशल कुमार सिंह पिता स्व० रूपदेव सिंह, पता-यमुना नगर रोड नं0-05, मुरला पहाड़, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रॉची, स्थायी पता-ग्राम-थवई मदनपुर, थाना मदनपुर, जिला-गया (बिहार) सुखदेवनगर थाना से सुखदेवनगर थाना कांड सं0-466/24, दिनांक 04.09.2024 धारा-21 (ए)/22 एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है।

**छापामारी दल में थे शामिल :** अरविंद कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वितीय रांची, राम नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, रातू , पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन कुमार, संतोष यादव, नवीन शर्मा, प्रियंका कुमारी, विशेश्वर कुमार, सअनि मनोज कुमार, सुनील कुमार सिंह, आरक्षी 374 देवराज राम, सशस्त्र बल व रिजर्व गार्ड आदि थे।

### बरामद और जब्त सामानों की विवरणी

पीला रंग का स्कूटी - JH0IDR-7056, सोनी कंपनी का टीवी-01, स्मार्ट फोन-01, किपेड मोबाईल-01, गलाया हुआ सोना, सलाई रिंच एक पीस, पेचकस - एक पीस।

# डकैती की घटना के बाद नगर निगम ने अवैध झुग्गी-झोपड़ियों पर चलाया बुलडोजर

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** बीते सोमवार की रात लोवाडीह हाईटेंशन मैदान स्थित पावर ग्रिड में दो दर्जन से अधिक आएं हथियारबंद लोगों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में बुधवार को नगर निगम की टीम ने लोवाडीह दुर्गा सोरेन चौक के समीप अवैध कब्जा कर बनें झुग्गी झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर मजिस्ट्रेट राजू नायक एवं नामकुम पुलिस की संयुक्त टीम ने हाइटेंशन फेक्ट्री के दीवार से सटाकर बनें झोपड़ीनुमा दुकान, मैदान व सड़क के किनारे अवैध कब्जा कर बनें दुकानों को तोड़ा है। टीम ने बताया हाइटेंशन फेक्ट्री, मैदान व आवासीय परिसर के आसपास अड्डेबाजी की शिकायत लगातार मिल रही थी। शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई की गयी है। अतिक्रमण मुक्त अभियान 20 जुलाई तक चलेगा।

**अवैध दुकानों में स्मार्ट मीटर कैसे :** अवैध कब्जे को हटाने के क्रम में कई अवैध झोपड़ीनुमा दुकानों में स्मार्ट मीटर लगा लगा पाया गया। टीम के लोगों ने बताया कि यह जांच का विषय है कि जब दुकान अवैध रूप से संचालित है तों स्मार्ट मीटर कैसे लगा हुआ है। साथ ही बताया कि यह भी हो सकता है कि कनेक्शन व मीटर अवैध हो। गौरतलब है कि सोमवार की रात दो दर्जन के करीब हथियारबंद लोग खेत के रास्ते ग्रिड में घूसे और कंट्रोल रूम में उपस्थित कर्मी व होमगार्ड जवानों को बंधक बनाकर दो से ढाई घंटे तक डकैती की घटना को अंजाम दिया था। डकैतों ने पावर ग्रिड लाखों के सामान की चोरी की थी।

# समाज की सेवा करना ही मुख्य उद्देश्य : डॉ शंभू प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** कांके जनरल अस्पताल एवं नर्सिंग होम ब्लॉक चौक कांके में तृतीय राधिका और एतवारी मेमोरियल ट्रस्ट का स्थापना दिवस, ट्रस्ट के संस्थापक सह अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर संस्थापक डॉ शंभू प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में ट्रस्ट की स्थापना के पीछे समाज की सेवा करना अपना मुख्य उद्देश्य बताया। इन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से ट्रस्ट के माध्यम से कई सामाजिक कार्य संपादित किये गये इनमें मेधावी छात्रों का सम्मान, जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण, पर्यावरण दिवस पर पेड़ वितरण, भोजन वितरण, गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण, चिकित्सा शिविर के माध्यम से मुफ्त परामर्श जांच एवं दवा वितरण किया जा रहा है । कार्यक्रम में डॉ कुमारी आभा, सत्येंद्र कुमार त्रिनयण कुमार, डॉ एमपी सिन्हा, मीना सिन्हा, डॉ वीके राय, महेश सिंह, डॉ नरेश प्रसाद यादव सहित कई उपस्थित थे।

## ट्रेन से कटकर युवक की हुई मौत

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रांची- मुरी अप लाइन पर बरवादाग के समीप ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान अनगड़ा थाना क्षेत्र के बरवादाग निवासी सावना लोहरा (27 वर्ष ) पिता स्व जगदीश लोहरा के रूप में की गई है। घटना बुधवार की सुबह करीब छह बजे की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## चूड़ी टोला में ग्रामीणों ने निर्माणाधीन सड़क और नाली निर्माण कार्य रोका



कांके (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चूड़ी टोला में आरआरडीए विभाग से बन रहे सड़क व नाली निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने पर ग्रामीणों ने कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि आरआरडीए द्वारा लगगभ 1.25 किलोमीटर नाली व निर्माण का कार्य किया जा रहा है.नाली का निर्माण कार्य पूर्ण हो चूका है, लेकिन योजना का शिलापट्ट ठेकेदार द्वारा नहीं लगाया गया है। वहीं सड़क निर्माण के दौरान घर घर जल आपूर्ति के लिये पाइपलाइन कंपनी द्वारा बिछाया गया है। वहां बिना बोल्डर डाले डस्ट से गड्ढा भरकर सड़क बनाया जा रहा था। उसके बाद गुस्साये ग्रामीणों ने कार्य रोकवा दिया। इस मामले मे ठेकेदार का कहना है कि शिलापट्ट दर्जनों बार बनवाया गया, लेकिन सांसद व विधायक समय देकर शिलान्यास नहीं कर रहे हैं। सड़क निर्माण को लेकर ठेकेदार का कहना है कि विभाग द्वारा प्राक्लन में बोल्डर नहीं देने का निर्देश है। वहीं कनीय अभियंता विशाल कुमार का कहना है कि प्राक्लन को बोल्डर नहीं दिया गया है, क्योंकि जिसने पाइपलाइन के गढ्डा किया है उसी कंपनी को गढ्डा भरकर सड़क बनाना था।

## एनएफएसएनएम योजना को लेकर बैठक

पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)। बिरसा फसल विस्तार एवं एनएफएसएनएम योजना अंतर्गत मूंगफली, मूंग और मक्का का कलस्टर डिमांस्ट्रेशन के लिए कलस्टर चयन हेतु नगडी प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त बीजों को लेकर खेतों में लगायें और अपने आमदनी को बढ़ाएं। मौके पर उपस्थित प्रखंड बीटीएम बरदानी लकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रखंड के किसानों का एक रूपया में धान और मक्का फसल का बीमा कराया जा रहा हैं आप सभी किसान अपने क्षेत्र के प्रज्ञा केंद्र में एक रुपया में धान और मक्का फसल का बीमा जरूर करवाएं। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, उप प्रमुख अफसाना परवीन, बीटी एम बरदानी, जनसेवक रीना लकड़ा, अध्यक्ष प्रखंड सलाहकार समिति बजरंक महतो, पंचायत समिति सदस्य करुणा देवी, शीला देवी किसान मित्र महावीर उरांव, मुकेश कुमार, फ्रांसिस तिर्की और अन्य कृषक विजय महतो, एमान तिर्की उपस्थित थे।

# उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया सावन मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था महिला काव्य मंच रांची की जुलाई माह के दोनों इकाइयों की सम्मिलित हरियाली गोष्ठी सह सावन मिलन समारोह बुधवार को ग्रीन गार्डन काम्प्लेक्स में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंच का संचालन मुनमुन ढाल व धन्यवाद ज्ञापन रुणा रश्मि ने किया। समारोह की शुरूआत रंजना वर्मा ने सरस्वती वंदना से की। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए मंच के गतिविधियों से सम्बंधित दिशा निर्देश दिए। सदस्याओं ने सावन के उपलक्ष्य में कजरी, लोकनृत्य, गेम्स इत्यादि का आयोजन किया। साथ ही समारोह के अंत में स्वादिष्ट जलपान का आनंद भी लिया। इस कार्यक्रम में रुणा रश्मि, मुनमुन ढाली, रंजना वर्मा, संगीता वर्मा का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर सारिका भूषण, सुरिंदर कौर, रेणु झा, प्रीता झा, कविता रानी, सुनीता श्रीवास्तव, भावना अंबाष्ठ, संध्या चौधरी, सुनीता अग्रवाल, रश्मि सिन्हा, ममता सिन्हा, सुधा स्मृति, रंगोली सिन्हा, सीमा सिन्हा, प्रतिभा सिंह, प्रतिमा मिश्र, मधुमिता रानी, खुशबू बरनवाल, नंदनी प्रणय, मीरा सिंह, वंदनाकुमार, अनुप्रिया दुबे, रश्मि सिंह, सुजाता प्रिय, पूनम वर्मा, संगीता वर्मा, रिम्मी वर्मा, श्वेता सिंह, संगीता सहाय आदि शामिल थे।

# विधायक सुरेश बैठा ने विकास योजनाओं को लेकर अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** कांके प्रखंड कार्यालय के सभागार मे झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे सभी विकास योजनाओं की समीक्षा, बैठक आहुत कर की गयी। बैठक में मुख्य रूप से कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप-प्रमुख अंजय बैठा, कांके बीडीओ सह प्रभारी अंचलाधिकारी विजय कुमार, सीआई चितरंजन टूटू मौजूद रहें।

विधायक, सुरेश कुमार बैठा ने सभी विभागों के पदाधिकारियों से क्षेत्र मे चल रहे योजनाओं की जानकारी ली और उसकी समीक्षा की। इस दौरान बैठक मे मौजूद प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों द्वारा भी कई सुझाव दिये गये, जिसे विधायक ने गंभीरता से लेते हुए अधिकारियो को इस पर अमल करने का निर्देश दिया।

मौके पर विधायक ने मिडिया से बात करते हुए कहा कि सभी विभागों मे संतोषजनक कार्य किये जा रहे है। अधिकारियो को निर्देश दिया गया है कि, क्षेत्र मे किसी भी योजना वितरण के दौरान पंचायत के जनप्रतिनिधियों कि मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। विभागों के अधिकारियों से कहा गया है कि अगले बैठक मे अधिकारी अपने-अपने विभागों का पूरा आंकड़ा ले कर ही बैठक मे शामिल हों।

प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान पर विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द सर्वे कार्य पूरा कर पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराया जाये। ये निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीओ विजय कुमार ने कहा है कि, सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सर्वे रिपोर्ट जिला को भेज दिया जायेगा, जिसके बाद मुआवजा राशि का वितरण पीड़ितों के बीच किया जायेगा। बैठक मे मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी, लालचंद सोनी, अमर तिर्की, नरगिस सुल्ताना, तबस्सुम परवीन नीलम गाड़ी, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन मुंडा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, राजू दुबे गौरी शंकर महतो, मनीष महतो सहित सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य और प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

# अविजित घोष बने आरकेडीएफ विवि के शैक्षणिक परिषद के सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची में बुधवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अविजित घोष को आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस चटर्जी और विश्वविद्यालय के रजिस्टर डॉ अमित पांडे ने पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान अविजित घोष को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त करने के अवसर पर दिया गया। बताते चले की अविजित घोष वर्तमान में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में विशेषज्ञ मूल्यांकन सदस्य के रूप में कार्यरत है। उन्होंने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड में खनन निदेशक के रूप में भी काम किया है। अविजित घोष को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली में 42वें वार्षिक धातु विज्ञान सुरक्षा सप्ताह 2024 में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार खनन सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और समर्पित सेवा के लिए दिया गया। साथ ही अविजित घोष को आरकेडीएफ विश्वविद्यालय की ओर से शैक्षणिक परिषद का सदस्य बनाया गया। मौके पर अविजित ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि विश्वविद्यालय ने मुझे अकादमिक परिषद में नियुक्त किया है।

# बेड़ो में डेढ़ साल से बंद पड़ा है सामुदायिक शौचालय

### प्रखंड मुख्यालय आने वाले ग्रामीणों को शौच को लेकर हो रही भारी परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक शौचालय भर जाने के कारण पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ा हुआ है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाखों रुपये खर्च कर लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है, लेकिन यह बंद पड़ा है। इसके बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं के लिए शौचालय नहीं रहने से हो रही है। महिलाओं का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय में एक भी शौचालय नहीं है। जिसके कारण सर्वाधिक दिक्कतों का सामना ग्रामीणों क्षेत्र से आने वाली महिलाओं को करना पड़ता है। इसके बावजूद जिम्मेदार आंख बंद करके बैठे हैं। जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण प्रखंड मुख्यालय आने वाले सैंकडों लोग यहां के दुकानदार लोगों को इसके बंद होने के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर महिलाओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं। प्रखंड कार्यालय के सटे होने के साथ आस पास के गांवों का मुख्य चौक है। इस चौक में हर दिन हजारों की संख्या में बाहरी लोग यहां पहुंचते हैं। खासकर साप्ताहिक बाजार के दिन में अच्छी खासी भीड़ यहां होती है। इसके अलावा बाजार व सब्जी मंडी है। स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने इसे जल्द चालू कराये जाने की मांग की है।



बेड़ो में बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय।

## प्रखंड और डीएसपी कार्यालय के बावजूद सीएचसी जाने वाली सड़क में पसरा रहता है अंधेरा

बेड़ो। बेड़ो लोहरदगा मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली रास्ते में बिजली की रोशनी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गयी, जिसके कारण रात में दुर्घटना में घायलों को अस्पताल ले जाने में स्वजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं रात के समय महिलाओं के साथ अनहोनी की आशंका बनी रहती है। लेकिन इस समस्या को लेकर कोई भी गंभीर नहीं है। बेड़ो लोहरदगा मार्ग से सीएचसी तक जाने में पूरे रास्ते में एक भी लाइट नहीं है। बेड़ो के ग्रामीणों का कहना है कि यहां वर्षा होने पर मोड़ के समीप कई लोग गिरकर जख्मी भी हो गये हैं। लेकिन अभी तक अस्पताल प्रबंधन, प्रखंड प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों ने लाइट के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 पंचायत के बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं इलाज कराने के लिए आती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी की ओर जाने वाले इस रास्ते में लाइट न होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# इटकी में ट्रांसफार्मर वर्कशॉप ने खेतों में बहाया जहरीला तेल, धान का बिचड़ा जला

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** विद्युत विभाग के इटकी स्थित ट्रांसफार्मर वर्क शॉप से किसानों के खेतों में कचरा युक्त तेल बहा दिया है, जिससे दर्जनों किसानों के कई एकड़ के खेतों में तेल फैल जाने से उपजाऊ जमीन खराब हो गये, वहीं धान के बिचड़े भी जल गय है। किसान धान रोपनी की तैयारी में थे, किंतु विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण किसानों की तैयारी धरी की धरी रह गयी। मंगलवार को किसानों ने मामले को लेकर बीडीओ प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने बताया कि वर्कशॉप से कचरा युक्त तेल बहाने के कारण करीब दो किलोमीटर दूर रेलवे अंडरपास तक के कुछ दायरे का खेतों में तेल पानी के बहाव के साथ फैल गया है। जिससे खेत की मिट्टी और पानी खराब हो गये है। किसानों ने चेताया है कि इसका जल्द निराकरण नहीं की गयी, तो उग्र आदोलन कर सड़क पर उतर आयेंगे। पिड़ित किसानों ने भाजपा नेता राजकुमार तिर्की की अगुवाई में बीडीओं प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंप कर जांच करने की मांग किया है। मौके पर उषा किरण केरकेट्टा, हेरण टोप्पो, अनुराग केरकेट्टा, सूरज केरकेट्टा, विलचन केरकेट्टा, रोशन केरकेट्टा, जोन केरकेट्टा, सलोनी केरकेट्टा सहित अन्य किसान मौजूद थे।

**प्रखंड के इन गांवों के किसान हुए प्रभावित :** विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर वर्क शॉप के कचरा तेल की निकासी से महुआ टोली, खोरखा टोली, बेलचांग टोली, कुन्दी और टुरुगुरु गांव के दर्जनों किसान प्रभावित हुए है। खेतों में तेल फैल जाने से किसानों के समक्ष रोपनी कार्य करना नामुमकिन हो गया है। साल भर का भोजन के लिए धान खेती नही लगने से किसान मायूष हो उठे है। किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है

### पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किसानों के खेतों का किया निरीक्षण

वर्क शॉप द्वारा खेत में तेल बहाने की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री बंधु तिर्की स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान बंधु तिर्की ने विभाग के एसडीओ को तत्काल निराकरण के सोख्ता गड्ढा खोदने का निर्देश जारी किया है। जहरीला तेल बहाव से किसानों के उपजाउ खेतों की दुर्दशा देख चिन्ता व्यक्त की है।

### मुखिया रीता देवी ने खेतों का किया निरीक्षण

किसानों के शिकायत पर मुखिया रीता देवी ने खेतों का निरीक्षण किया इस दौरान मुखिया ने कहा कि विद्युत विभाग का ऐसी कृत्य बर्दाश्त नही किया जायेगा। खेती गृहस्थी के समय ऐसी जहरीली तेल को खेतों में बहा देना एक घिनौना कार्य है। बिजली विभाग के कारण कई गांवों किसानों खेत बरबाद हो गये। ऐसी परिस्थिति में धान रोपनी करना मुश्कील है।

### बीडीओ ने मामले में लिया संज्ञान

किसानों द्वारा ज्ञापन सौंपने के बाद बीडीओ प्रवीण कुमार ने वर्क शॉप द्वारा खेतों में बहाये गये तेल के मामला गंभीरता से लेते हुए तत्काल विभाग के कार्यपालक अभियंता फोन से बात कर मामला से अवगत कराया। कार्यपालक अभियंता ने बीडीओ से दो दिनों के अंदर निराकरण करने की बात कही।

## दूषित पानी की सप्लाई से लोगों में नाराजगी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के अल्पसंख्यक इलाके में बुधवार को दूषित पानी की सप्लाई पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी प्रकट की है। मिन्हाज खान ने कहा कि नप और पीएचइडी को इसपर अविलंब सुधार करना चाहिए। चूंकि दूषित पानी के सेवन से लोग बीमार पड़ जायेंगे। रमेश कुमार ने कहा कि आए दिन इस प्रकार की शिकायत विभिन्न इलाकों से प्राप्त हो रही है। जिसमें दूषित और बदबूदार पानी की आपूर्ति से लोग परेशान है और विभाग को कोस रहे है। साथ ही मांग कर रहे है कि इसमें सुधार किया जाये। बावजूद इस प्रकार की शिकायत लगातार आ रही है। उन्होंने कहा कि विभाग अपने मैन पावर के माध्यम से खामियों को खोजे और इसे मरम्मति करायें ताकि शहरवासियों को शुद्ध जल मिल सके।

## घाघरा और देवाकी से 25 कांवरियां देवघर गये



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कांवरियां संघ देवाकी बाबा धाम के बैनर तले घाघरा और देवाकी से लगभग 25 कांवरियो का जत्था देवघर बैद्यनाथ धाम के लिए बुधवार को रवाना हुआ। जत्था सर्वप्रथम देवाकी बाबा धाम मंदिर में भगवान भोलेनाथ माता पार्वती की पूजा अर्चना कर रवाना हुए। कांवरिया रामसेवक साहू ने बताया कि सभी कांवरिया पहले सुल्तानगंज जाएंगे जहां से गंगा स्नान के बाद जल उठाकर पैदल देवघर बैद्यनाथ बाबा नगरी जाएंगे। जहां से पूजा के बाद बासुकी नाथ दर्शन के उपरांत वापस घर रवाना होंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से रामसेवक साहू, मुकेश कुमार नाग, संतोष साहू, अजीत साहू, सुंदर साहू, रंजीत ठाकुर, शंकर साहू व रीका कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए कार्यशाला आयोजित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में टीवी मुक्त भारत अभियान हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुशल एक्का ने की। कार्यशाला में सभी के सीएचओ, एएनएम, स्वास्थ्य सहिया, बिटिटी शामिल हुई। जहां जिला के मास्टर ट्रेनर एसटीएलएस राजेश उरांव द्वारा ट्रेनिंग दी गयी। साथ ही बताया को कार्यक्रम में सहिया द्वारा घर घर सर्वे करना है ताकि एक भी टीबी मरीज न छुटे। सीएचओ को प्रत्येक दिन इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग करनी है। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एकता ने कहा उक्त कार्यक्रम विगत 1 जुलाई से शुरू हुई है जो आगामी 31दिसंबर तक चलेगी। आप सभी स्वास्थ्य सहिया वह अन्य कर्मी ईमानदारी पूर्वक घर-घर सर्वे कर टीवी मरीजों की पहचान करें। और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाये। ताकि उनका इलाज और दवा मिल सके। सभी के सहयोग से ही टीवी मुक्त भारत का सपना पूरा किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक अमित कुमार प्रसाद, बीपीएम ज्ञान रंजनविनय कुमार, बिटीटी सीमा देवी, बबीता देवी, अभय भारती, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## 80 परिवारों के बीच मूंगफली बीज का वितरण




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत घागरा ब्लॉक परिसर में 80 पीवीटीजी परिवार के बीच मूंगफली बीज का वितरण प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। योजना का उद्देश्य पीवीटीजी समुदाय के किसानों को उन्नत किस्म के बीच उपलब्ध कराकर उनकी आजीविका में सुधार लाना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि बिरसा फसल विस्तार योजना राज्य सरकार के एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य वंचित समुदाय को किसी के माध्यम से मुख्य धारा से जोड़ना है। मूंगफली की खेती से किसानों के आय में वृद्धि होगी और पोषण स्तर में सुधार आयेगा। वितरण के दौरान किसानों को बीज के साथ उन्नत खेती पद्धतियों की जानकारी भी बीटीएम नीरज कुमार द्वारा दी गयी। ताकि वह अधिक उत्पादन कर सके। कार्यक्रम में किसानों ने योजना के प्रति अपनी खुशी जाहिर की और राज्य सरकार को आभार व्यक्त किया। मौके पर बीटीएम नीरज कुमार, एटीएम पूनम बेदिया सहित कई पीवीटीजी परिवार के लोग उपस्थित थे।

# छोटा अंबवा की चार किलोमीटर सड़क बदहाल, ग्रामीणों में आक्रोश, रोपा धान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला मुख्यालय से करीब 12 किमी दूर छोटा अंबवा गांव आजादी के बाद से आज तक विकास की बाट जोह रहा है। इस गांव में मुख्य सड़क से महज चार किमी पक्का पहुँच पथ नही है। गांव में निवास करने वाले 700 घरों की आबादी को चार किमी की दूरी उबड़ खाबड़ सड़क से होकर तय कर मुख्य सड़क तंक आना पड़ता है। इतना ही नहीं सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और बीमार मरीजों को उठानी पड़ती है। गर्भवती महिलाओं व बीमार मरीजों को मुख्य सड़क तंक लाने में लोगों को काफी जद्दोजहद करना पड़ता है। इस दौरान महज दस मिनट की दूरी तय करने में आधा घंटा से भी अधिक लग जाता है। जिसके कारण ग्रामीणों में सरकार, जिला प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी रोष है। यहां के ग्रामीण विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक चमरा लिंडा को पिछले चार बार वोट देकर विधायक बनाते आ रहे हैं। लेकिन विधायक ने भी सुध लेना मुनासिब नहीं समझा। और न ही सड़क बनाने की दिशा में कोई पहल की।अब वे मंत्री भी है। जिसके कारण ग्रामीण अब रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा अभी से बुलंद कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब जब तक मुख्य मार्ग से छोटा अंबवा तंक करीब चार किमी सड़क का निर्माण नहीं किया जाता है तब तक इस क्षेत्र के मतदाता वोट का बहिष्कार करेंगे। बुधवार की अपराह्न 3 बजे वर्तमान अंबवा अंजुमन के सचिव यासीन अंसारी, अफरोज अंसारी, सलमान अंसारी,समाजसेवी मो मनसूब अंसारी, फारूक अंसारी, कलाम अंसारी, सुलेमान अंसारी, रब्बानी अंसारी आदि ने कहा कि उनके गांव में 700 घरों की आबादी है। इस गांव में विभिन्न समुदाय के लोग रहते हैं। आजादी के बाद से गांव के लोग पक्की अथवा कालीकरण सड़क की मांग को लेकर मुखर रहे हैं। लोगों ने कहा कि सड़क बनाने की मांग वे लोग विधायक, तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी और सीएम तंक से कर चुके है। मगर किसी के कान में जू तंक नहीं रेंगा। इसके बाद सांसद व जिला प्रशासन से भी सड़क बनाने की मांग की। पूर्व डीसी ने पहल भी किया। सड़क बनाने हेतु मापी की गई। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में पड़ गया। लोगों ने कहा कि उनका क्षेत्र विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है और चुनाव के समय वर्तमान विधायक चमरा लिंडा को वोट देते आ रहे हैं। विधायक सड़क तो दूर आज तंक गांव में झांकने नही पहुंचे हैं।

## लावागाई टोल टैक्स मामले में गुमला चैंबर ने सकारात्मक पहल की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला रांची फोरलेन स्थित लगावाई सिसई के पास बने टोल टैक्स का उद्घाटन हो चुका है। आने जाने वाले वाहनों से उगाही भी की जा रही है। मामला तब गरमाया जब आनन फानन में टोल टैक्स का उद्घाटन कर लिया गया। वहीं स्थानीय लोगों से भी टोल टैक्स लिया जाने लगा। लोगों ने बताया नगड़ी के पास भी टोल टैक्स लिया जा रहा है लेकिन दोनों स्थान के टोल टैक्स की राशि में काफी अंतर है। जिसको लेकर भी राजनीति गरमा गयी है। मामले को लेकर सिसई में प्रशासन जनप्रतिनिधियों और एनएच के अधिकारियों के साथ लोगों की बैठक हुई थी लेकिन फिर भी टोल टैक्स की मनमानी कायम है। जिसको लेकर बुधवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बस स्टैंड स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि गुमला व सिसई के लोगों को टोल टैक्स निशुल्क किया जाए। साथ ही कर्मियों का व्यवहार सही नहीं है। व्यवहार में सुधार लाने की बात कही गई। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा टोल टैक्स मामले को लेकर सकारात्मक पहल नहीं की गयी तो आने वाले समय में आंदोलन किया जायेगा।

## जेसीबी बेचने और लड़की को भगाने के आरोप में दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना की पुलिस ने चोरी की जेसीबी बेचने व लड़की भगाने के दो अलग-अलग आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार कर मंगलवार की अपराह्न 4 बजे जेल भेज दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिला अंतर्गत सिरी गट्टी थाना क्षेत्र के कीर्ति नगर निवासी 37 वर्षीय सुनील कुमार तिवारी पिता राजेंद्र तिवारी ने वर्ष 2020 में फर्जी तरीके से मुरकुंडा के एक व्यक्ति को जेसीबी वाहन बेच दिया था। पुरानी जेसीबी को पेंट कर नया बनाया गया था साथ ही उसका रजिस्ट्रेशन और पेपर फर्जी था। मामले को लेकर मुरकुंडा निवासी व्यक्ति ने गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। इस कार्य में दो लोग शामिल थे एक व्यक्ति को पहले ही पुलिस ने जेल भेज दिया था जो अभी जमानत पर बाहर है।

वही डीएसपी रोड निवासी एक युवक को लड़की भागने के आरोप में बिलासपुर से गिरफ्तार किया गया। इसी माह 7 जुलाई को लड़की के परिजन अपहरण का आरोप लगाते हुए गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराए थे। इसके बाद पुलिस ने बिलासपुर से दोनों कांड के आरोपी को गिरफ्तार किया।

## एसडीओ ने छारदा पंचायत का किया भ्रमण आंगनबाड़ी केंद्र में किचन की स्वच्छता की जांच की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) राजीव नीरज द्वारा सिसई प्रखंड अंतर्गत छारदा पंचायत का क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अबुआ आवास योजना एवं पंचायत भवन का जायजा लिया।

अनुमंडल पदाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही पोषण व्यवस्था, उपस्थिति पंजी एवं किचन की स्वच्छता की जांच की। साथ ही विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा की गयी। पीडीएस दुकान का निरीक्षण करते हुए एसडीओ ने राशन वितरण पंजी, स्टॉक रजिस्टर एवं लाभुकों से बातचीत कर वितरण प्रणाली की वस्तुस्थिति जानी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात कर दवा भंडारण, मरीजों को दी जा रही सेवाओं एवं पंजी संधारण की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। अबुआ आवास योजना के अंतर्गत निर्मित एवं निमार्णाधीन आवासों का स्थलीय निरीक्षण कर उन्होंने लाभुकों से योजना की प्रगति एवं समस्याओं के संबंध में फीडबैक लिया। पंचायत भवन में भी संचालित गतिविधियों की जांच की गई तथा ग्रामीणों से योजनाओं के लाभ के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया गया।

## टेंपो पलटने से तीन घायल

**घाघरा।** घाघरा पुराने पेट्रोल पंप के समीप टेंपो पलटने से टेंपो में सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों में तोड़ांग पखरटोली सेन्हा निवासी बलदेव उरांव, दुलो उराइन और चिरोडीह पालकोट निवासी आरती कुमारी के नाम शामिल है।

## सिसई में भारी बारिश से मजदूर का घर गिरा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भारी बारिश के कारण एक के बाद एक घर गिरने का शिलशिला निरंतर जारी है। हाल ही में रविवार को सिसई बस्ती निवासी मजदूर सुलेमान अंसारी का घर गिर गया था और अब लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सिसई पुराना ब्लॉक के पीछे भदौली में रहने वाले 37 वर्षीय मजदूर (मोटिया) राजू उरांव पिता स्व जितवाहन उरांव का मिट्टी का घर बुधवार को पूर्वाह्न लगभग 11 बजे गिर गया। जिससे घर में रखे अनाज और खाने पीने की सामग्री सहित अलमारी, पलंग, कुर्सी टेबल, बर्तन और घरेलू उपयोग की वस्तुएं क्षतिग्रस्त हो गयी है। राजू उरांव ने बताया कि जब घर गिरा उस वक्त वे लोग घर के अंदर ही थे। घर गिरने की आवाज सुनकर सभी लोग दौड़कर घर से बाहर निकल गये जिससे एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गयी। घर गिरने से किसी जान माल की क्षति नहीं हुई है। केवल घरेलू सामान की क्षति हुई है। राजू उरांव ने बताया कि परिवार के कुल आठ लोग संयुक्त रूप से एक ही घर में रहते हैं और मेहनत मजदूरी कर अपना गुजारा करते हैं। घर के गिर जाने से सभी लोगों पर रहने की आफत आ गयी है। राजू ने कहा कि अभीतक उन्हें आवास योजना का कोई लाभ नहीं मिला है। पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से आवास के लिए मदद करने की गुहार लगायी है।

## टीबी मरीजों को खोजकर विधिवत इलाज करना ही लक्ष्य : डॉ जाहिद अंसारी



**भरनो (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भरनो में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम को आगे बढ़ाने हेतु भरनो प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जाहिद अंसारी, कार्यक्रम पदाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक युगल किशोर तथा भरनो के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सीएचओ/ एएनएम अस्पताल परिसर में टीवी मुक्त भारत अभियान का हर झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर टीवी मुक्त भारत अभियान को गहनता पूर्वक टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों का भी सहयोग बहुत जरूरी है। टीवी दवाई चल रहे मरीजों को उनके जल्दी स्वस्थ होने के लिए निश्चय मित्र बनने की भी आवश्यकता है निश्चय मित्र बनने के लिए एक दो या तीन व्यक्ति मिलकर भी निश्चय मित्र बनकर सहयोग कर सकते हैं। चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जाहिद अंसारी ने कहा कि कार्यक्रम के तहत जमीन में स्तर पर एक-एक टीवी रोगियों को खोज कर निकालना है और उनको विधिवत उपचार में लाना है। समूह के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर एक्स-रे एवं ट्रू नेट जांच करने की आवश्यकता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-BCD/EE/HAZARIBAG /14/ 2025-26,PR संख्या- 351641 (Building)25-26-D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0-02 एवं 11 ,कार्य का नाम- Renovation of Navsrijit Primary School Mahtoeya , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag एवं Construction of Boundary Wall of Upgraded Middle School Barahmoriya , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 357486 (Building)25-26*D



**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति ( अति अल्पकालीन सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत्यादेश सं0 10 दि0 04.07.2025 द्वारा जिले में केजों में पंगेशियस/गिफ्ट तिलापिया/अमृत कतला/अन्य उपयुक्त बीज के संचयन का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए उत्तम गुणवत्ता के बीज की आवश्यकता है। बीज पंचखेरो जलाशय, मरकच्चो एवं तिलैया जलाशय, चन्दवारा में अधिष्ठापित केजों तक पहुँचाना होगा।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता बीज के दर के साथ अपना इच्छा की अभिव्यक्ति संबंधी आवेदन जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा के पदनाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत 20,000/- रू0 के DD के साथ दिनांक 26.07.2025 तक अधो0 के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। Mortality होने पर पुनः बीज का आपूर्ति Mortality के एवज में करना होगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 357444 Fish(25-26).D




**स्पोर्ट्स**

इंग्लैंड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं भारत चौथे स्थान पर हैं। इस टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हराया था।

# स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर लगा जुर्माना

एजेंसी



**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में धीमी ओवर गति के कारण दो अंक का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही टीम को अपनी मैच फीस का 10% जुर्माना भी भरना होगा। इंग्लैंड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं भारत चौथे स्थान पर हैं। इस टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हराया था, लेकिन मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने पाया कि इंग्लैंड ने तय समय में दो ओवर कम डाले।

**स्टोक्स ने गलती स्वीकारी :** इंग्लैंड टीम के सभी खिलाड़ियों की मैच फीस का 10% जुर्माना लगाया गया। वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के 2 अंक काटे गये हैं। हालांकि कप्तान बेन स्टोक्स ने इस गलती को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। आइसीसी के नियमों के अनुसार हर एक ओवर कम होने पर खिलाड़ियों की 5% मैच फीस काटी जाती है। साथ ही हर ओवर के लिए 1 डब्ल्यूटीसी अंक भी काटा जाता है।

**अब क्या स्थिति है डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में?**

डब्ल्यूटीसी में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हो गये। उनका जीत प्रतिशत 66.67% से घटकर 61.11% हो गया। इससे श्रीलंका (66.67%) दूसरे नंबर पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर है, जिसने अब तक सभी 3 मैच जीते हैं और उसका जीत प्रतिशत 100% है। भारत फिलहाल चौथे स्थान पर है, उसका जीत प्रतिशत 33.33% है।

**लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता :** लॉर्ड्स टेस्ट के पांचवें दिन भारतीय टीम दूसरी पारी में सिर्फ 170 रन पर ऑलआउट हो गई। टारगेट 193 रन का था। पहले सेशन में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने ऋषभ पंत, केएल राहुल और वॉशिंगटन सुंदर को जल्दी आउट कर भारत को मुश्किल में डाल दिया।

## साप्ताहिक बाजार टांड़ में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार नगर परिषद, गुमला द्वारा बुधवार को साप्ताहिक बाजार टांड़ क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत खउइ मशीन की सहायता से बाजार क्षेत्र में जमी गंदगी, कचरा एवं अतिक्रमित मलबों की सफाई की गयी। नगर परिषद की टीम द्वारा पूरे क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित करते हुए आमजन से भी स्वच्छता में सहयोग की अपील की गयी। उपायुक्त द्वारा नगर परिषद को नियमित रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि आमजन को स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिल सके।


**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**वेदव्यास आवास निर्माण, 2025-26 हेतु आवदेन-पत्र आमंत्रण सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 08 दिनांक 24.06.2025 से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत लघु शीर्ष 101 में 20 एवं लघु शीर्ष 789 में 03 कुल 23 आवास निर्माण का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वेदव्यास आवास निर्माण हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत आवदेकों का चयन हेतु अर्हत्ताएँ निम्न प्रकार है।

1. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों।
2. गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. घर हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घर वालों को भी कंडिका 1 एवं 2 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है।
4. प्रति आवास देय राशि मो0 191200/रू0 मात्र है।
5. एक परिवार से एक ही लाभुक को आवास देय होगा।
6. भू स्वामित्व प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
7. पूर्व से किसी अन्य सरकारी योजना से आवास का लाभ न मिला हो। (प्रखण्ड विकास पदा0 के स्तर से सत्यापन कराना अनिवार्य है।)
8. बैंक खाता तथा आधार कार्ड/वोटर आई डी कार्ड की छायाप्रति।
9. दिव्यांग आवेदकों के लिए दिव्यांगता संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

नोट :- 1. आवेदक के पूर्व के घर का जिस पर वेदव्यास आवास निर्माण होना है का GPS फोटो (लाभुक स्वयं खड़े होकर) संलग्न करें।
2. आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं को पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से भरना अनिवार्य है तथा निर्धारित स्थानों पर संबंधित पदाधिकारी का अनुशंसा आवश्यक है।
3. आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा अथवा सिंगल विंडो सिस्टम में आधार कार्ड अथवा कोई अन्य पहचान पत्र दिखाकर प्राप्त किया जा सकता है।
4. आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित सभी कागजात संलग्न करना अनिवार्य है तथा आवेदन जमा करने के उपरांत किसी भी तरह का कागजात एवं अधूरा आवेदन भी स्वीकार नहीं होगा।

कार्यालय से आवेदन प्राप्ति की तिथि :- 17.07.2025 (जिला मत्स्य कार्यालय, राजा तालाब, कोडरमा।)
कार्यालय से आवेदन जमा की अंतिम तिथि :- 01.08.2025

जिला मत्स्य पदाधिकारी
कोडरमा

PR 357434 Fish (25-26)_D

## 'सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान' के डीपीआरसी कार्यक्रम में शामिल हुई पेशम मुखिया रागिनी



**बिरनी/ गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान के तहत डीपीआरसी कार्यक्रम में बिरनी प्रखंड के पेशम मुखिया रागिनी सिन्हा शामिल होकर अपने प्रखण्ड के महिला मुखिया में अहम भूमिका निभाने से पूरे प्रखंड तथा पेशम पंचायत में मुखिया का चर्चा हो रही है। इस बाबत गिरिडीह में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन में पंचायत को बेहतर तथा महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर पेशम मुखिया रागिनी सिन्हा ने कई संदेश दिये हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल और स्वच्छता जैसे प्राथमिक विषयों को प्राथमिकता देकर स्थानीय शासन की गुणवत्ता और समावेशिता को बेहतर बनाने की भी बात रखा। साथ ही स्थानीय निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, जिससे समावेशी एवं सामुदायिक विकास को बल मिले। इस संदर्भ में रंथू महतों ने कहा कि जब तक महिलाएं सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व नहीं निभाती, तब तक सच्चे मायनों में सशक्तिकरण संभव नहीं है।

## राशन वितरण को लेकर आपूर्ति विभाग से मिली भाकपा माले की टीम, मांगी रिपोर्ट



**बिरनी/ गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले बिरनी का एक टीम गुरुवार को राशन वितरण को लेकर आपूर्ती विभाग से रिपोर्ट मांगा गया। जिसमें अब तक के राशन वितरण में कई अनिमितताओं को देखा गया। इस बाबत माले प्रखंड सचिव शेखर शरण दास ने बताया कि बिरनी आपूर्ती विभाग द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी करना आम हो चुका है। जिसके लिए 17 जुलाई को भाकपा माले का एक टीम उपायुक्त से मिलकर बात करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव सह उप प्रमुख शेखर सुमन, वरिष्ठ साथी मुस्तकीम अंसारी, प्रमुख रामू बैठा, जिप प्रतिनिधि सीताराम पासवान, इजराइल अंसारी, पुर्व मुखिया रामबिलास पासवान, रामसहाय यादव, पिंटू यादव, सुरदेव तुरी, संतोष कुमार, संजय उपस्थित थे।

## मूसलाधार बारिश से ढहे मिट्टी के घर




**पीरटांड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में हो रहे हैं लगातार मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है, बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र में मिट्टी के घर ढह गये हैं। इससे ग्रामीणों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। तुयो पंचायत स्थित मंझीयायीनडीह गांव में रमजीत मांझी का घर बारिश के कारण ढह गया। रंजीत मांझी का कहना है कि घर गिर जाने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, अब उनके पास रहने का कोई ठिकाना नहीं है। रंजीत ने प्रशासन से रहने तथा पुनर्वास की सहायता मांगी है। वही तुयो पंचायत के मुखिया भी वहां पर मौजूद थे। उन्होंने भी कहा इनके लिए सहायता की मांग की जायेगी और उनको जल्दी सहायता दी जायेगी।

## श्रावणी मेला के लिए मेडिकल मोबाइल यूनिट रवाना



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मास में कांवरियों की सुविधा के लिए पिछले ढाई दशकों से बोकारो स्टील प्लांट की ओर से बैद्यनाथ धाम (देवघर) के समीप प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी शिविर के लिए बीएसएल के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत कार्य करने वाली मेडिकल मोबाइल यूनिट 'इस्पात संजीवनी' (चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों के दल) को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने 16 जुलाई को इस्पात भवन परिसर से फ्लैग–ऑफ कर रवाना किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवती, बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी, सीएसआर विभाग तथा अन्य विभागों के कर्मी सहित बैद्यनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों से शिविर के लिए की गयी व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। शिविर के लिए बीजीएच की ओर से प्राथमिक चिकित्सा के लिए दवाओं, मरहम–पट्टी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों का दल बोल–बम के जयघोष के साथ रवाना हुआ।

## शैक्षणिक यात्राएं ज्ञान की दुनिया का द्वार खोलती हैं : डॉ करुणा प्रसाद



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दि पेन्टिकॉस्टल असेंबली स्कूल के विज्ञान के पचास छात्र–छात्राओं ने गत मंगलवार को प्रसिद्ध इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (आइएसएम) धनबाद की शैक्षणिक यात्रा की। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाओं और वैज्ञानिक शोध की व्यावहारिक जानकारी से परिचित कराना था। वहां पहुंचने पर संस्थान के अधिकारियों ने छात्रों का हार्दिक स्वागत किया। आइएसएम परिसर में छात्रों ने खनन अभियांत्रिकी, भूविज्ञान, पर्यावरण विज्ञान तथा कंप्यूटर विज्ञान विभागों का भ्रमण किया। आधुनिक प्रयोगशालाओं, शोध केंद्रों और पुस्तकालय को देखकर छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और भी प्रबल हुई। विशेषज्ञों ने उन्हें शोध एवं उच्च शिक्षा के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा डायरेक्टर आइआइटी (आइएसएम)धनबाद, प्रोफेसर आलोक कुमार दास डीन इनोवेशन, प्रोफेसर एआर दीक्षित डीन (इन्फ्रा), इनक्यूबेशन और उद्यमिता (आइआइइ) एवं रमेश प्रसाद तकनीकी अधिकारी ने संकाय सदस्यों और प्रयोगशाला समन्वयकों के साथ प्रयोगशाला और नवाचार केंद्र आदि पहलुओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने इस यात्रा से संबंधित अपनी भावनाएं व्यक्त की और कहा कि आइआइटी की यह शैक्षणिक यात्रा केवल एक भ्रमण नहीं, बल्कि आपके सपनों और ज्ञान की दुनिया का द्वार खोलने वाली अनुभूति है।

# पुलिस पर बिना सत्यापन के युवक को गिरफ्तार करने का आरोप, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र में फर्जी आवेदन के आधार पर एक निर्दोष युवक को जेल भेजे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सीमाटांड निवासी लतीफ अंसारी को मवेशी चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया, लेकिन बाद में यह स्पष्ट हुआ कि शिकायत पत्र फर्जी था और कथित आवेदनकर्ता ने कोई शिकायत की ही नहीं थी। बताया जाता हैं कि मवेशी चोरी की सूचना पर महुदा पुलिस मंगलवार की सुबह कुंजी दूबे टोला पहुंचा और भीड़ से रतिफ अंसारी को छुड़वाकर थाने ले आयी। जानकारी के अनुसार, महुदा थाना को कुंजी निवासी बाबूलाल राम के नाम से एक लिखित शिकायत मिली थी, जिसमें लतीफ अंसारी पर मवेशी चोरी का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने बिना सत्यापन के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाद में जब आवेदनकर्ता के नाम पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति से परिजनों ने बात की, तो सच्चाई सामने आई कि उसने कोई शिकायत दी ही नहीं थी। पुलिस ने कुंजी निवासी बाबूलाल राम के नाम से आए आवेदन के आधार पर सीमाटांड निवासी लतीफ अंसारी को गिरफ्तार कर कांड संख्या 103/25 के तहत बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। लेकिन बाबूलाल राम ने साफ इंकार किया कि उन्होंने कोई शिकायत दी है या हस्ताक्षर किया है। घटना की जानकारी फैलते ही पूर्व जिप सदस्य जब्बार अंसारी, महुदा मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो सहित दर्जनों ग्रामीण महुदा थाना पहुंचे। सभी ने थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद से मुलाकात कर निर्दोष युवक की रिहाई और फर्जी आवेदन देने वाले युवक कालीचरण दूबे सहित इस साजिश में शामिल अन्य लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बिना जांच-पड़ताल किसी को जेल भेजना गंभीर लापरवाही है। वहीं, फर्जी आवेदन देने वाले व्यक्ति से केवल पूछताछ कर उसे छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि कालीचरण दूबे और उसके साथियों ने न सिर्फ फर्जी शिकायत की, बल्कि मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया जो एक मोब्लिचिंग का मामला बनता हैं।

महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने अपनी सफाई देते बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी व्यक्ति दोषी या झूठे पाये जायेंगे, उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने स्वीकार किया कि प्रारंभिक स्तर पर पुलिस से कुछ त्रुटियां हुई हैं, जिसके लिए उन्होंने खेद प्रकट किया है। वहीं, इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक, एसपी ग्रामीण तथा डीएसपी बाघमारा से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु संपर्क नहीं हो सका।

## सभी जिलों में चंद्रवंशियों की भागीदारी को मजबूत किया जायेगा : आकाश रवानी

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** बुधवार को युवा अखिल भारतीय वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन बैठक संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष आकाश रवानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन महामंत्री धनंजय चंद्रवंशी ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हुए सशक्त संगठन निर्माण करना था, जिसमें आधे दर्जन से अधिक जिले के लोगों ने भाग लिया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर साहब ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो, निश्चित रूप से हम लोग शिक्षा की ओर बढ़कर और इस प्रकार से संघटनात्मक दृष्टि से संगठित होकर अपने राजनीतिक आर्थिक शैक्षणिक लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त कर लेंगे। स्वर्गीय नथुनी बाबू का सपना को हम सभी भाइयों को मिलकर साकार करना है, झारखंड के सभी जिलों में अब चंद्रवंशियों की भागीदारी को मजबूत किया जायेगा। वहीं संचालनकर्ता महामंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में पहली बार समाज का ऑनलाइन मीटिंग रखा गया है, इससे कम उर्जा में अधिक कार्य किया जा सकता है। इस तरह का पहल करने के लिए अध्यक्ष आकाश रवानी को बधाई, हम सभी युवा साथी सर्वसम्मति से सर्वमान्य सशक्त कमेटी बनाकर प्रदेश में समाज के लिए कार्य करेंगे।

वहीं धनबाद से उपस्थित युवा नेता विकास बजरंगी ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह सामाजिक संगठन है, इसमें राजनीति को हावी नहीं होने देना है, हम सभी को आकाश रवानी के ऊपर भरोसा है कि वे एक साथ राज्य के सभी युवाओं को लेकर चलेंगे। इनके नेतृत्व में समाज में नया अध्याय लिखा जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग जिला से अजीत सिंह, गढ़वा जिला से मनीष चंद्रवंशी, नितिन चंद्रवंशी, धनबाद जिला से सुनील रवानी, नंदू रवानी, पिंटू रवानी, पलामू जिला से धनंजय चंद्रवंशी एवं लातेहार जिला से विनय कुमार चंदेल के साथ अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## वज्रपात से खुद को रखें सुरक्षित : डीसी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बारिश या मानसून में बिजली कड़कना या गिरना आम बात है। इससे बचने के लिए स्वयं की सावधानी बहुत जरुरी है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रचार-प्रसार कराया जाता है। सामान्यता बारिश के दौरान लोगों द्वारा पेड़ के नीचे छीपने, बिजली और मोबाइल के टॉवर के नजदीक होने एवं पानी के करीब होने के कारण वे आकाशीय बिजली के चपेट में आ जाते हैं। उपायुक्त अदित्य रंजन ने अपील करते हुए कहा कि जिलावासी बारिश के समय और आसमान में आकाशीय बिजली के कड़कने के समय घरों के अंदर ही रहें। ज्यादा जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। बाहर निकलते समय पूरी सावधानी बरतनी जरूरी है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को कोहिनूर मैदान स्थित इवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही रख–रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह एक मासिक रूटीन निरीक्षण है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, निर्वाचन शाखा के सागर कुमार (भजोहरि), राकेश कुमार, रजक अंसारी, सजल मंडल व अन्य कर्मी मौजूद थे।

## विशेष जांच अभियान में नौ वाहन जब्त और 50 हजार जुर्माने की वसूली

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बुधवार को डीसी अजय नाथ झा एवं एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर चिन्मया विद्यालय, अयप्पा स्कूल एवं जीजीपीएस स्कूल, सेक्टर–5 के निकट सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी, चास (सदर) प्रांजल ढांडा एवं पुलिस उपाधीक्षक, यातायात विद्याशंकर ने किया। इस दौरान यातायात प्रभारी पुनि नितिश कुमार तथा यातायात थाना के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। अभियान के क्रम में कुल 09 दोपहिया वाहनों को नाबालिग चालकों द्वारा परिचालित करते हुए पकड़ा गया। सभी वाहनों को जब्त कर यातायात थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गयाऔर आगे की विभागीय कारवाई की गयी। वाहन जांच के दौरान स्कूल वैन/ टेंपो में क्षमता से अधिक बच्चों को असुरक्षित तरीके से बैठाने, बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना बीमा तथा काले शीशे लगे वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गयी। इस क्रम में कुल 20 वाहनों से 50,600 का जुर्माना वसूला गया। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा

रद्द पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 04/2025-26 जिसका पी0आर0संख्या–357161 है। अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR 357424 Rural Work Department(25-26).D


## सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता का नतीजा घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो/ नयी दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी ने माइ जीओवी के साथ मिलकर, बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता 2025 के परिणाम की घोषणा की। 'सेलः खुशियों की संस्कृति का निर्माण, जहां हर मुस्कान मायने रखती है' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता को पूरे देश से जबरदस्त भागीदारी मिली, जिसमें लगभग 1,000 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। यह प्रतियोगिता उम्मीद से कहीं ज्यादा सफल रही। इसने दिखाया कि लोग सेल की विरासत और देश की तरक्की के साथ-साथ, लोगों की ज़िंदगी में खुशियां लाने में उसके योगदान से कितना जुड़ाव महसूस करते हैं। सेल कहानी लेखन डायमंड अवार्ड हिंदी श्रेणी की विजेता का खिताब लखनऊ, उत्तर प्रदेश की कीर्ति सिंह के नाम रहा। वहीं रांची झारखंड की प्रविंता कुमारी लामा ने हिंदी श्रेणी में गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया। सेल कहानी लेखन डायमंड अवार्ड अंग्रेजी श्रेणी का खिताब बेंगलुरु, कर्नाटक से चंचला बोरा ने अपने नाम किया। सेन कहानी लेखन प्रतियोगिता-2025 के विजेताओं को हिंदी और अंग्रेजी श्रेणियों में अलग-अलग नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए जायेंगे।

सेल अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने विजेताओं बधाई देते हुए कहा कि सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई। इस साल का विषय, 'सेलः खुशियों की संस्कृति का निर्माण, जहां हर मुस्कान मायने रखती है,' वास्तव में बहुत प्रभावशाली रहा। यह देखकर बेहद प्रेरणा मिलती है कि 80% विजेता, यानी 10 में से 8 विजेता महिलाएं हैं। देश भर से मिली विविध कहानियां खूबसूरती से दशार्ती हैं कि कैसे सेल स्टील देश की प्रगति का आधार है और देश के लोगों जीवन को खुशहाल बनाने में लगा हुआ है।


ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा
Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com

अल्पकालिन ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय कॉल)

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0– 05/2025-26/EE/BCD/BD, SIMDEGA. दिनांक– 16-07-2025

| 1. | कार्य का नाम | 2. प्राक्कलित राशि (रू0) | 3. कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| (i) | External Electrification Work with Cable Trench at Mandal Kara, Simdega in simdega. | 65,18,100.00 | 06 (Six) Months |
| (ii) | Proposed Construction of Vocational Training Centere Building G+1 at Mandal Kara Simdega in District Jail, Simdega. | 92,00,800.00 | 09 (Nine) Months |
| 4. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01.08.2025 को 11:00 बजे | |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 08.08.2025 को दोपहर 11:00 बजे तक | |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा–835223 | |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 11.08.2025 के अपराह्न 11:30 बजे तक, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, अंचल संख्या – 2, राँची। | |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 86748–35234 | |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 86748–35234 | |

10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खातों को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
13. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.**

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 357431 Simdega (25-26)_D


## डिग्री कॉलेज टुंडी में राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 16 जुलाई को डिग्री कॉलेज टुंडी में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस, डिग्री कॉलेज टुंडी, जिला यक्ष्मा केंद्र एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ इंद्रजीत कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कौशलेंद्र कुमार सिंह अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद, मो जावेद अंसारी जिला कार्यक्रम समन्वयक यक्ष्मा विभाग धनबाद, कुमार मधुरेंद्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष सलाहकार भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद, प्रकाश कुमार लायक ओ आर डब्लू, वीर चंद्र ठाकुर यक्ष्मा विभाग ब्लॉक प्रभारी और शंकर कुमार प्रमाणिक नोडल कोऑर्डिनेटर अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत विनोद बिहारी महतो के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई।


झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी,रामगढ़।
सूचना

एतद् द्वारा रामगढ़ जिला के जलाशयों मत्स्य कृषकों (मछुआरों) को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 – 10, दिनांक 04.07.2025 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना "केज कल्चर विस्तार और सुदृढ़ीकरण" अंतर्गत रामगढ़ जिला के खदानों में लघु शीर्ष –101– अन्तर्गत 02 बैटरी एवं लघु शीर्ष –789– अन्तर्गत 04 बैटरी के अधिष्ठापन एवं इनपुट का लक्ष्य प्राप्त है। ऐसे मत्स्य कृषक जो खदानों में मत्स्य पालन के इच्छुक हो, इस योजना का लाभ लेने के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में विहित प्रपत्र में दिनांक 31.07.2025 तक आवेदन कर सकते है। लाभुकों के चयन में विस्थापितों, जलाशय के मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्यों, तथा मत्स्यजीवी सहयोग समिति को प्राथमिकता दी जाएगी। इस योजना अंतर्गत लाभुकों को अनुदान पर सामान्य नाव एवं लाईफ जैकैट उपलब्ध कराने का भी प्रावधान है। योजना का विवरण निम्न प्रकार है :–

| केज बैटरी अधिष्ठापन 12 मी0 x 8मी0 x 5 मी0 आकार का | | | | केज में इनपूट (प्रति केज बैटरी) | | सामान्य नाव की आपूर्ति | | | लाईफ जैकैट (MMD Approved, 6.5 kg floatability तथा 80 x 37 x 10 cm साईज के 100 Neopolene foam and Airex filling ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्य | प्रति इकाई बैटरी का अनुमान्य लागत | | | | | लक्ष्य | अनुमान्य लागत | | लक्ष्य | अनुमान्य लागत | |
| | विभागीय अनुदान की राशि (रू0 में) 90% | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में) 10% | कुल (रू0 में) | विभागीय अनुदान की राशि (रू0 में) | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में) | | विभागीय अनुदान की राशि (रू0 में) | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में) | | विभागीय अनुदान (रू0 में)75% | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में)25% |
| 06 बैटरी केज | 3,22,200/– (अधिकतम) | 35,800/– | 3,58,000 /– | 50% अधिकतम 2,00,000/– रू0 | शेष इनपूट सामग्री कय का व्यय भार लाभुक के द्वारा वहन किया जाएगा। | 02 | 30,000/– प्रति नाव | 3,000/– प्रति नाव | 06 | अधिकतम 1815/– रू0 प्रति लाईफ जैकैट | अधिकतम 605/– रू0 प्रति लाईफ जैकैट |

1. खदानों का चयन :– (क) जिनका क्षेत्रफल ज्यादा हों।
(ख) पहुँच पथ हो तथा आबादी के नजदीक हों।
(ग) मत्स्यजीवी सहयोग समिति गठित हो अथवा स्थानीय विस्थापित हों।
2. लाभुकों का चयन :– (क) लाभुकों के चयन में खदानों के विस्थापितों को प्राथमिकता दी जाएगी।
(ख) यदि खदान के उपयोग हेतु मत्स्यजीवी सहयोग समिति गठित हो तो उसके सदस्य हों।
(ग) खदान के आस–पास के निवासी हों।
(घ) लाभुक अपना अंशदान लगाने का इच्छुक हो/सक्षम हो।
(ड़) मत्स्यजीवी सहयोग समिति भी लाभुक हो सकती है।

– लाभुक के द्वारा केज का निर्माण एवं अधिष्ठापन का कार्य इस हेतु मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा **Empanelled** फर्म/संवेदक से कराया जाएगा।
– आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 357402 Fish(25-26)D

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड अखिलेश पांडेय को



झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। राजधानी के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी अखिलेश पांडेय को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के निदेशक राकेश सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह और सहायक महाप्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा मार्केटिंग हेड मुकेश सिंह और सीनियर एग्जिक्यूटिव अभिषेक कुमार ने प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी अखिलेश पांडेय को प्रमाणपत्र सौंपा।

# अकबर 'क्रूर लेकिन सहिष्णु', औरंगजेब 'कट्टर धार्मिक'

**एनसीइआरटी की किताब में मुगल काल की नयी समीक्षा**

**कक्षा 8 के सिलेबस में शामिल हुआ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अकबर का शासन 'क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण था, जबकि औरंगजेब एक सैन्य शासक था जिसने गैर-इस्लामी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया और गैर-मुसलमानों पर टैक्स लगाया।' मुगल काल की ये नयी समीक्षा एनसीइअरटी की कक्षा 8 की किताब में शामिल की गयी है।

एनसीइआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की कितिाब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नयी व्याख्या की गयी है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी।



**बाबर को बताया सैन्य रणनीतिकारः** किताब में मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को 'तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार' लिखा गया है। इसके साथ बताया गया कि बाबर ने 1526 में पानीपत की लड़ाई में बारूद और तोपखाने की मदद से इब्राहिम लोदी को हराया और दिल्ली सल्तनत का अंत कर दिया। बाबर का बेटा हुमायूं साम्राज्य को बचाये रखने के लिए संघर्ष करता रहा और एक समय के लिए उसने शेर शाह सूरी से हारकर साम्राज्य खो भी दिया था।

**अकबर का शासन क्रूरता-सहिष्णुता का मिश्रणः** अकबर के शासन को किताब में क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण बताया गया है। वहीं, अकबर के उत्तराधिकारी जहांगीर और शाहजहां को किताब में कला और वास्तुकला का संरक्षक कहा गया है। शाहजहां को ताजमहल के निर्माण के लिए विशेष रूप से याद किया गया, लेकिन ये भी बताया गया कि शाहजहां की बीमारी के बाद उत्तराधिकार की लड़ाई में औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह को मार दिया और अपने पिता को बंदी बना लिया।

**एनसीइआरटी ने कहा, इतिहास की जड़ों को जानना जरूरीः** किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीइआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**7वीं की किताब से मुगल इतिहास हटाया थाः** बताते चलें कि इसी साल एनसीइआरटी ने कक्षा 7वीं की किताबों के सिलेबस में भी बदलाव किया है। हिस्ट्री, जियोग्राफी की टेक्स्ट बुक्स से मुगल सल्तनत और दिल्ली सल्तनत के टॉपिक्स हटा दिये गये हैं, जबकि महाकुंभ समेत गवर्नमेंट इनिशिएटिव जैसे मेक इन इंडिया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को किताबों में जोड़ा गया है।

# भाजपा बांग्ला बोलने वालों को परेशान कर रही: ममता

**बंगालियों से भेदभाव का लगाया आरोप, निकाला पैदल मार्च**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला।



यह रैली कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से शुरू होकर धर्मतला के दोरीना क्रॉसिंग तक गयीं। इसमें अभिषेक बनर्जी समेत पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हुए। करीब तीन किलोमीटर लंबे इस मार्च के लिए करीब 1,500 पुलिसकर्मी तैनात किये गये और कई सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। इस मौके पर ममता ने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैये से मैं शमिंदा और निराश हूं। अब से मैंने तय किया है कि मैं बांग्ला में ज्यादा बोलूंगी। अगर आप मुझे डिटेंशन कैंप में रखना चाहते हैं तो रखें। मैं आपको चैलेंज करती हूं कि साबित कीजिये कि बांग्ला बोलने वाले प्रवासी लोग रोहिंग्या मुसलमान हैं। बंगाल के 22 लाख प्रवासी श्रमिक देश के अन्य हिस्सों में काम कर रहे हैं, उनके पास वैध पहचान दस्तावेज हैं। कोलकाता के अलावा पार्टी ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी इसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

# कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते: सीडीएस

**नयी दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। विदेश से इम्पोर्ट की गयी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध तैयारियां कमजोर करती है। यह हमें कमजोर बना रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी सी-यूएएस (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए निवेश करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया।










































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**